कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 355, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 23 जनवरी 2024

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# हो गया शंखनाद...


# मंदिर में रामलला का निवास

**नई दिल्ली**

**अयोध्या** में आखिर रामलला विराजमान हो गए। पूरे विधि-विधान के साथ भगवान के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसी बीच रामलला की मूर्ति की बेहद खास तस्वीरें सामने आई हैं। शृंगार युक्त मूर्ति में भगवान के पूरे स्वरूप को देखा जा सकता है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं।

रामलला की मूर्ति की क्या विशेषता है?

भगवान राम के बाल रूप की मूर्ति को गर्भ गृह में स्थापना के बाद सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा कर दी गई है। तस्वीर में रामलला माथे पर तिलक लगाए बेहद सौम्य मुद्रा में दिख रहे हैं। आभूषण और वस्त्रों से सुसज्जित रामलला के चेहरे पर भक्तों का मन मोह लेने वाली मुस्कान दिखाई दे रही है। कानों में कुंडल तो पैरों में कड़े पहने हुए हैं। मूर्ति के नीचे आभामंडल में चारों भाइयों राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की छोटी-छोटी मूर्तियों की पूजा की गई है।




करीब 200 किलोग्राम वजनी है मूर्ति

मूर्ति की विशेषताएं देखें तो इसमें कई तरह की खूबियां हैं। मूर्ति का वजन करीब 200 किलोग्राम है। इसकी कुल ऊंचाई 4.24 फीट, जबकि चौड़ाई तीन फीट है। कमल दल पर खड़ी मुद्रा में मूर्ति, हाथ में तीर और धनुष है। कृष्ण शैली में मूर्ति बनाई गई है। मूर्ति श्याम शिला से बनाई गई है, जिसकी आयु हजारों साल होती है। मूर्ति को जल से कोई नुकसान नहीं होगा। चंदन, रोली आदि लगाने से भी मूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

रामलला के चारों ओर आभामंडल है। मूर्ति के ऊपर स्वास्तिक, ॐ, चक्र, गदा, सूर्य भगवान विराजमान हैं। श्रीराम की भुजाएं घुटनों तक लंबी हैं। मस्तक सुंदर, आंखें बड़ी और ललाट भव्य है। भगवान राम का दाहिना हाथ आशीर्वाद की मुद्रा में है। मूर्ति में भगवान विष्णु के 10 अवतार दिखाई दे रहे हैं। मूर्ति नीचे एक ओर भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी तो दूसरी ओर गरुड़ जी को उकेरा गया है।

मूर्ति में पांच साल के बच्चे की बाल सुलभ कोमलता झलक रही है। मूर्ति को मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है। इससे पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि जिस मूर्ति का चयन हुआ उसमें बालत्व, देवत्व और एक राजकुमार तीनों की छवि दिखाई दे रही है।

कठिन था मूर्ति का चयन

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में तीन मूर्तियों को स्थापित किया गया हैं, जिसमें से एक मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया गया है। इनके बनने के बाद सबसे बड़ा सवाल तो यह था कि गर्भ गृह में किस रूप में रामलला विराजमान होंगे। मूर्तिकारों ने तीनों मूर्तियों को इतना सुंदर बनाया कि चयन करना कठिन हो रहा था कि कौन सी सुंदर है और कौन सी उतनी नहीं है। अंततः बाल रूप वाली मूर्ति को राम मंदिर के गर्भ गृह में विराजने का फैसला लिया गया।

## स्वर्णिम मुकुट, हार और धनुष, प्राण प्रतिष्ठा के समय मन मोहने वाला शृंगार



# रघुपति राघव राजा राम..जय श्री राम

## कमल का फूल लेकर शुरू किया अनुष्ठान

**लोगों** का 500 वर्षों का आखिरकार इंतजार खत्म हो गया है। अयोध्या में बने राम मंदिर में रामलला विराजमान हो गए हैं। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में दुनियाभर से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हैं। इस दौरान पूरा देश 'जय श्री राम' के नारे से गूंज रहा है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुनहरे कपड़े पहनकर रामलला के मंदिर पहुंचे। यह देखने लायक दृश्य था। राम मंदिर में प्रवेश करते समय पीएम मोदी नंगे पैर थे। वह हाथ में छत्र और वस्त्र लिए हुए थे। इसे उन्होंने रामलला को अर्पित किया। इस दौरान दर्शक दीर्घा में बैठे साधु और संत काफी खुश और उत्साह से भरे नजर आ रहे थे। पीछे बैठे वीआईपी अतिथि अपने मोबाइल फोन से इस मनमोहक दृश्य को कैद करते दिखे।

प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रभु श्रीरामलला स्वर्ण आभूषणों से लदे नजर आए। उनकी आभा देखते ही बन रही थी। गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के समय पीएम मोदी के अलावा आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी मौजूद रहे। अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रधानमंत्री ने मंगलधुनों के बीच प्राण प्रतिष्ठा की। इस दौरान, पीएम के अलावा सीएम योगी आदित्यनाथ और यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मौजूद रहीं। पीएम नरेंद्र मोदी ने हाथ में कमल का फूल लेकर उन्होंने अनुष्ठान विधियों को आरंभ किया। इस दौरान अस्थाई मंदिर में विराजमान रहे रामलला की मूर्ति भी सामने रखी रही। प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान पीएम मोदी राम भक्ति में सराबोर दिखे। 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर के पक्ष में फैसला दिया था, तब रामलला टाट से अस्थाई राम मंदिर में स्थापित किए गए थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उनकी स्थापना की थी। अब भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान अस्थाई राम मंदिर के रामलला को भी सामने रखा गया था।



## अब ऐसे दिख रहे रामलला


- अब ऐसे दिख रहे रामलला
- रामलला पीतांबर से सुशोभित हैं और हाथों में धनुष बाण धारण किए हुए हैं।
- रामलला ने सोने का कवच कुंडल, करधन माला धारण की हुई है।
- रत्न जड़ित मुकुट का वजन करीब पांच किलो बताया जा रहा है।
- रामलला के मुकुट में नौ रत्न सुशोभित हैं और गले में सुंदर रत्नों की माला है।
- भगवान रामलला की कमरबंद भी सोने से बना है।
- रामलला के आभूषणों में रत्न, मोती, हीरे शामिल हैं।
- रामलला के चरणों में वज्र, ध्वजा और अंकुश के चिन्ह शोभित हैं।
- कमर में करधनी और पेट पर त्रिवली हैं।
- रामलला की विशाल भुजाएं आभूषणों से सुशोभित हैं।
- रामलला की छाती पर बाघ के नख की बहुत ही निराली छटा है।
- छाती पर रत्नों से युक्त मणियों के हार की शोभा है।

## किसी ने मोदी को पहनाई सोने की अंगूठी तो किसी ने माला

**लखनऊ**

**प्राण** प्रतिष्ठा की प्रक्रिया पूरी करने के बाद पीएम मोदी वहां मौजूद साधु-संतों से मिले। उन्होंने वहां महंत नृत्य गोपाल दास के पैर छुए। उन्होंने पीठ थपथपाकर उन्हें आशीष दिया। इसके बाद जब वह आगे बढ़े तो एक संत ने उनके हाथ को अपने हाथ में लेकर उनकी एक उंगली में अंगूठी पहना दी। ऐसा कहा जा रहा है कि इसके पहले मोदी की अंगुलियों में कोई और अंगूठी नहीं थी। यह एक भावुक लम्हा था। इसके बाद फिर एक संत ने उन्हें एक अंगूठी पहनाई। पीएम घूम-घूमकर सबसे मिलते रहे। इस बीच एक संत ने उन्हें तुलसी की माला भेंट की। मोदी को यहां पर प्रसाद भी दिया गया। जिसे उन्होंने माथे से लगाकर अपने सहयोगी को दे दिया। जब यह प्रक्रिया चल रही थी तो गर्भगृह के बाहर बैठे हजारों लोग जयकारे लगा रहे थे। साथ ही वह घंटियां बजा रहे थे। इसके पहले पीएम मोदी ने प्राण प्रतिष्ठा पूरी की। वह आधे घंटे से अधिक समय तक गर्भगृह में रहे। उनके साथ सीएम योगी, मुख्य यजमान अनिल मिश्रा और मोहन भागवत सहित कई साधु-संत मौजूद रहे।





# संपूर्ण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया रामोत्सव महापर्व

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** सोमवार को श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संपूर्ण मेजा क्षेत्र में काफी उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान भगवान राम के आने की खुशी में कहीं भजन कीर्तन तो कहीं भव्य शोभायात्रा निकाल कर महाप्रसाद वितरित किया गया। चारों ओर राम भक्ति में लीन राम आएंगे तो तो अंगना सजाऊंगी के गाने पर मस्ती में झूमते नाचते गाते श्रद्धालुओं की जयश्रीराम की गूंज से पूरा वातावरण राम मय बना रहा और जैसे ही शाम हुई तो नजारा और भी आकर्षण बन गया इलाके के सभी धार्मिक स्थलों को जहा मनोहारी भव्य आकर्षक लाइ टों की रोशनी से सजाया गया था वहीं लोगों के घरों में जलते दीप श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महापर्व को अलौकिक एवं ऐतिहासिक बना रहे थे। इसी क्रम में मेजारोड पांती में स्थित सिद्ध मानस मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन मानस प्रचारिणी समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी ई ० पंडित नित्यानंद उपाध्याय के नेतृत्व में भजन कीर्तन का भव्य आयोजन के साथ साथ



अयोध्या में हो रहे श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण और महाप्रसाद के रूप में विशाल भंडारा चलाया गया। अयोध्या से सीधा प्रसारण देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ लगी रही। लखनपुर गांव की प्रधान श्रीमती नीलम तिवारी की अगुवाई में श्रीराम लला के आने की खुशी में यादगार शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि आज का दिन देश के इतिहास का बहुत बड़ा एवं महत्वपूर्ण दिन है। मेजारोड चौराहे पर भाजपा नेता अमित शुक्ला के नेतृत्व में श्रीराम भक्तों को प्रसाद बांटा गया।

संगम मनी मंदिर समहन गांव में भाजपा के जिला मंत्री युवा मोर्चा राहुल मिश्रा रोहित मिश्र सुरेन्द्र यादव अनंत शर्मा और गोलू मिश्रा ने धार्मिक आयोजन कर प्रसाद बांटा इस दौरान जिला मंत्री के नेतृव में उक्त मंदिर परिसर में 11 हजार दीप प्रज्जवलित किया गया। कठौली गांव के प्रधान प्रतिनिधि पप्पू शर्मा उर्फ हरिशंकर शमार्के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई और महाप्रसाद का वितरण कराया गया। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पल को देश के नागरिक हमेशा याद रखेंगे साथ ही साथ श्रीराम की पूजा अर्चना से उनका जीवन धन्य हो जाएगा। कुल मिलाकर देखा जाय तो श्रीराम प्रं प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को संपूर्ण मेजा क्षेत्र रामनाम की गूंज से सराबोर रहा और लोगों ने इस महापर्व को अलौकिक यादगार एवं ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रखा है।

## राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गाने के साथ मेजा में निकाली गई विशाल शोभा यात्रा

**प्रमुख प्रतिनिधि व रामलीला कमेटी के सहयोग से निकली शोभा यात्रा,दर्जन भर स्थानों पर वितरित किया गया महाप्रसाद**



**मेजा।** मेजा में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रविवार से ही क्षेत्र राममय हो चुका था। रामभक्तों द्वारा भक्ति में लीन होकर जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई, जो सोमवार को भी जारी रहा। मेजा बाजार में प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र और रामलीला कमेटी द्वारा भव्यता से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जगह-जगह महाप्रसाद भी वितरित किया गया। पूरा मेजा क्षेत्र राममय हो गया। हर जगह डीजे पर "राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी.. दीप जलाकर दीवाली मैं मनाऊंगी" गाना बजता रहा। जिधर भी जाओ हर जगह जय श्रीराम की गूंज रही। इसी क्रम में मेजाखास बाजार, कोहड़ार बाजार और मेंडरा, गुनई गांव सहित कई गांवों में भी शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन चलता रहा। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से पंकज मोदी,अनिल शुक्ल,सोनू शुक्ला,मयंक,रामकृष्ण गुप्ता,लालजी मिश्र,तौलन प्रसाद, राहुल मिश्र, देवकर पांडेय,लल्लन केशरी,अतुल द्विवेदी,हिमांशु मोदनवाल आदि शामिल रहे।

## श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया



**प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत गांव गोशौरा कलां में स्थिति प्रभु बजरंग बली के अलौकिक मंदिर में अयोध्या में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के दिव्य अवसर पर गांव के लोगो के द्वारा भव्य सुंदर काण्ड का पाठ प्रभु हनुमान जी के चरणों में बैठकर किया गया। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह उत्सव का माहौल पूरे गांव में देखने को मिला। फूल तथा रोशनी के साथ भगवा ध्वज से सजा मन्दिर लोगो को आकर्षित कर रहा था। राम भक्ति में राम भक्त सराबोर नजर आ रहे थे। साथ ही भगवान को लगाए गए भोग का प्रसाद वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के बहुत सारे सम्मानित जन उपस्थित थे जिनमे हमारे गांव के पूर्व प्रधान अवधेश कुमार पाण्डेय, योगेश कुमार पाण्डेय, भाजपा नेता अमिय श्रीवास्तव, अरविंद पांडेय, अजीर श्रीवास्तव, मंदीप श्रीवास्तव, मुकेश यादव, भाजपा बूथ अध्यक्ष आनन्द शुक्ला तथा सैकड़ो के संख्या में रामभक्त शामिल सामिल हुए थे। इसी कड़ी में निबैया, बकचुना, उरुवा, उचडीह, सराय नाथ पट्टी, जेरा, चौकी, उपरौड़ा, नीबी, जेरा, अमिलिया कला, लेहड़ी, सिरसा, औता, घुघा आदि गांवों में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। सभी मन्दिरो में रामधुन बजाने के साथ धार्मिक अनुष्ठान किये गए। और पूरा क्षेत्र भगवा ध्वज से लहराता रहा। राम नाम की गूंज गूँजता रहा। लोग अपने घरों और मन्दिरो में सजावट के साथ दीप उत्सव मनाये और एक दूसरे को प्रसाद खिलाकर भगवान श्रीराम जी का जय जयकार लगाये। और भाजपा कार्यकताओं द्वारा रैली निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद कुमार विश्वकर्मा (मण्डल अध्यक्ष) पिछड़ा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी सिरसा काशी क्षेत्र प्रयागराज, सुरेश सिंह पटेल, अनिल यादव एवं सैकड़ो के संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हनुमान पुर काली मंदिर से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**करछना।** जिले के अंतर्गत करछना कोहड़ार घाट मार्ग पे स्थित हनुमानपुर में स्थित काली मंदिर से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के आयोजक मंदिर के पंडा बीड़ी दुबे रहे कार्यक्रम में करीब 50 से ज्यादा ग्रामीण मौजूद रहे साथ ही साथ अनिल दुबे (मौसम गुरु), मंगला दुबे, दिनेश दुबे, मुन्ना दुबे , सोनू दुबे, ओपी दुबे (अधिवक्ता) आदि लोग मौजूद रहे

## एमडीआरएस मेमोरियल सेवा ट्रस्ट द्वारा निकाला गया शोभा यात्रा

**करछना** अयोध्या में श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर एमडीआरएस मेमोरियल सेवा ट्रस्ट द्वारा राम लक्ष्मण सीता हनुमान की झांकी सहित राम रथ शोभा यात्रा ग्राम बरदहा से होते हुए कौवा तक निकली गई जिसमे कार्यक्रम के सयोजक श्री ब्रिजेश मौर्य व आयोजक ऋषिकेश शर्मा (ऋषि बाबा) प्रेसीडेंट- एमडीआरएस मेमोरियल सेवा ट्रस्ट, व ट्रस्ट के कार्यकर्ता प्रवीण यादव तौसीब अख़्तर, अभय केशरी राहुल राय सहित समस्त क्षेत्रवासी गण उपस्थित रहे।

## पूरे क्षेत्र में रामोत्सव : रामभक्तो ने पीएम के सम्बोधन को सुनकर किया जय श्री राम का जयघोष





**कौंधियारा।** पांच सौ वर्षों के संघर्षों के बाद प्रभु श्री रामलला सोमवार 22 जनवरी 2024 को अपने भव्य और दिव्य मंदिर के गर्भगृह में स्थाई रूप से विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदि के पूजन के साथ स्थापित हो गए। जिससे यमुनापार व सीमांचल क्षेत्र के श्री बड़े हनुमान मंदिर एवं जारी बाजार एवं करछना रोड सहित आसपास पूरे क्षेत्र के मंदिरों में प्राण-प्रतिष्ठा के वक्त पूजन अर्चन, रामनाम संकीर्तन, सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ कई शोभायात्रा के साथ जगह-जगह भंडारे में क्षेत्रवासियों ने पूरे उत्साह के साथ सम्मिलित होकर पूरा क्षेत्र श्रीरामोत्सव एवं श्रीराम के जयकारों के साथ सायं घरों मंदिरों में दीपोत्सव से जगमगा दिए। जारी बाजार के बड़े हनुमान मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ प्रसाद वितरण हुआ। बच्चों ने रंगोली बनाकर पटाखे फोड़ पूरे उत्साह से क्षेत्र को राममय कर दिया। कार्यक्रम में कौंधियारा भा ज पा मंडल अध्यक्ष शिवप्रसाद केसरवानी ,दिलीप केसरवानी, मनोज केसरवानी, सुरेश केसरवानी, बारा विधायक डॉं. बाचस्पति, पूर्व जिला पंचायत सुधीर कुमार साहू , शिवराम अग्रहरि ,अरविंद अग्रहरि, धर्मेंद्र केसरवानी, कपूर चंद्र, शिव कुमार केसरवानी, मनोज कुमार वर्मा, अजय मोदनवाल, नीतीश मोदनवाल, रंजीत मोदनवाल, शैलेंद्र कुमार, नीरज श्रीवास्तव, विकास गुप्ता, कलाकार वर्मा, वीरेंद्र जायसवाल विपिन गुप्ता, संदीप गुप्ता, सुधांशु, कृपानाथ तिवारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदि के सम्बोधन को सुना। जारी बाजार भंडारे में विधायक वाचस्पति ने प्रसाद ग्रहण करनें के बाद कहा ऐसा जन उत्साह पहली बार देखनें को मिला। रोम-रोम जन-जन भक्तिभाव से ओत-प्रोत हो गए।

## क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया रामोत्सव

**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बडी धूमधाम से मनाई गई प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और निकली शोभायात्रा।जिसमें काफी लोगों ने भाग लिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मरखामऊ में नवनिर्मित भगवान शंकर एंव माता काली की मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोच्चारण के बाद की गई। धर्म जागरण प्रमुख दिनेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में मरखामऊ से बांका जलालपुर व बांका जलालपुर से मरखामऊ मंदिर पर शोभायात्रा का समापन किया गया। समापन के बाद भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सुख राम मौर्य, राम सुंदर मौर्य, अर्जुन लाल मौर्य, राम नेवाज प्रजापति,अजय अग्रहरि, अभिषेक यादव,सोनू, अमन मौर्य, आकाश प्रजापति, छोटे लाल, विनोद कुमार, राकेश मौर्य समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। वही मऊआइमा हरिसेंनगंज में ग्राम प्रधान प्रमिला पटेल व मगनापुर में भाजपा जिला अध्यक्ष कविता पटेल के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर प्रधानपति राकेश कुमार पटेल उर्फ गुड्डू , अंकेश पटेल,गुलाब केसरवानी, शिव जी साहू, शिव रत्न केसरवानी, धीरज, प्रदीप, अनिकेश पटेल, धमेंद्र कुमार, विमलेश, नन्हू , मण्डल अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ला, डॉ. प्रकाश चंद्र यादव, जय प्रकाश पटेल, धर्मेंद्र पासी,हर गोविंद समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव कस्बा के मोहल्ला गंजियाबाजार, सदर बाजार,चुनौंटा कुआं, सहित नगर पंचायत क्षेत्र के अनेकों स्थानों पर मनाया गया तथा सुबह से मन्दिरों की साफ-सफाई कर सजाया गया और शाम को झालरों से मन्दिरों के अलावा घरों पर दीप प्रज्ज्वलित की गयी। सोमवार को पूरा क्षेत्र भक्ति मय हो गया।

### कस्बा के गंजिया बाजार से महिलाओं ने निकाला शोभायात्रा



## हाई स्कूल की प्रोजेक्ट व नैतिक शिक्षा तथा इंटर की प्री बोर्ड परीक्षा 23 जनवरी से प्रारंभ

**मांडा।** हाई स्कूल की प्रोजेक्ट परीक्षा व नैतिक शिक्षा एवं इंटरमीडिएट प्री बोर्ड परीक्षा आगामी 23 जनवरी 2024 से प्रारंभ होगी। उक्त जानकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजाराम यादव इंटर कालेज के प्रिंसिपल दिनेश चंद यादव ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कक्षा 9 से कक्षा 12 तक सभी छात्र एवं छात्राओं का शिक्षण कार्य प्रातः 10 बजे सायं 3 बजे सुचारु रूप से संचालित होगा जिसमें शिक्षा रत सभी छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षा 2 फरवरी से 9 फरवरी के मध्य किसी भी दिन वाह्य परीक्षक द्वारा कराई जा सकती है ऐसे में उन्होंने स्कूल के सभी छात्र छात्राओं से नियमित स्कूल आने तथा अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील किया है।

## पूजा अर्चना के बाद किया गया दीपदान



**करछना** क्षेत्र के कचरी ग्राम सभा में प्रभु राम जन्मभूमि अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में गौरिया माई मंदिर पर राम भक्तों द्वारा पूजा अर्चना के बाद दीपदान किया गया। आयोजक लक्ष्यराज सिंह एवं ग्राम प्रधान धर्मराज सिंह पटेल के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने दीपदान किया। सपा यूथ ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष संदीप शर्मा ने कहां की आज पूरा देश भगवान श्री राम के पुनः आगमन का उत्सव मना रहा है। धर्म नगरी अयोध्या ही नहीं अपितु पूरे देश में प्रभु राम के आगमन को लेकर लोगों में उत्साह है। उन्होंने कहा कि मंदिर के लिए राम भक्तों ने लंबा संघर्ष किया है। मंदिर बनने एवं राम राज्य का सपना देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया है। इस मौके पर युवराज सिंह, राजेंद्र पटेल, अभिषेक सिंह, ज्ञान सिंह, अमन सिंह,अनीता सिंह आदि रहे।

इसी प्रकार श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के बाद देर शाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना में अधीक्षक डॉ केबी सिंह कुशवाहा समस्त स्वास्थ कर्मियों के साथ अस्पताल परिसर को रंग बिरंगी झालरों से सजाया कर दीपोत्सव उत्सव मनाया गया धूमधाम से दीपावली पर्व की तरह दीप जलाकर श्री राम प्राण प्रतिष्ठा दीपोत्सव उत्सव मनाया गया।

## रामोतसव पर शिव नगर में जन जागरण कार्यक्रम में वितरित हुआ प्रसाद

**नैनी।** नैनी शिव नगर तिराहे पर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जन जागरण करते हुए संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने पूरे क्षेत्र में घूम करके जन जागरण किया शिवनगर तिराहे पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी मोहल्ले वासियों ने सहयोग किया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया इस अवसर पर डीके मिश्रा चरण यादव शंकर भारतीय छोटू विश्वकर्मा लाल यादव त्रिभुवन सिंह बालनाथ यादव अर्जुन यादव बिहारी भैया अंशु मिश्रा देवनाथ यादव सत्येंद्र यादव अरुणेश यादव महेंद्र कुमार शर्मा मुन्नीलाल विश्वकर्मा देवनाथ यादव के घर पर पूजा पाठ सुंदरकांड का आयोजन किया गया संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज शामिल हुए।

## जीएस एकेडमी धरवारा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया

**करछना।** प्रयागराज जिले के अंतर्गत करछना तहसील के जीएस एकेडमी धरवारा स्कूल में शिक्षकों द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया श्री राम जी के घर आने की खुशी ने प्रबंधक विनय सिंह द्वारा स्कूल में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के सभी शिक्षक और स्टाफ मौजूद रहे।

## संदिग्ध हाल में लापता हुए एलआईसी के विकास अधिकारी

### लावारिस अवस्था में कार व मोबाइल नए यमुना पुल से मिला

**प्रयागराज।** शहर के सिविल लाइंस में रहने वाले एलआईसी के विकास अधिकारी विमल तिवारी (58) संदिग्ध हाल में लापता हो गए हैं। परिजनों के मुताबिक 19 जनवरी की रात 10 बजे वह घर से निकले और फिर नहीं लौटे। रात 10 बजे उनकी कार व मोबाइल फोन नए यमुना ब्रिज पर लावारिस हाल में मिला। परिजनों ने सूचना दी तो कीडगंज पुलिस पहुंची और घंटों जांच पड़ताल की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कीडगंज थाना प्रभारी दीपा सिंह ने बताया कि गोताखोरों को नदी में उतारकर तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। अन्य माध्यमों से उनका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उधरउनकी पत्नी, दो बेटियां व सहकर्मी अनहोनी की आशंका से परेशान हैं।

### गेंहू की फसल सीचने गए युवक की ठंड से मौत

**घूरपुर।** क्षेत्र के पंवरी गांव का एक युवक गेंहू की फसल सीचने गया था जिसकी ठंड से मौत हो जानें से परिजनो में कोहराम मच गया। पंवरी गांव निवासी गमलेश कुमार यादव (25) पुत्र मुन्नू लाल रविवार की रात गेंहू की फसल सीचने गया था। 10बजे रात्री को ठंड से कांपते खेत से घर वापस आया तो अचानक तबियत बिगड़ी तो परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर जा रहे थे कि रास्ते में ही मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया।

## राम के रंग में रमे भक्त जगह-जगह आयोजित हुआ भजन कीर्तन

### चायनीज विद्युत झालरों से किया गया मंदिरों की सजावट



**मांडा।** अयोध्या में भगवान श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को पूरा क्षेत्र राम मय हो गया। क्षेत्र के सैकड़ों मंदिरों में कीर्तन भजन और भंडारे का आयोजन किया गया। जगह जगह एलईडी टीवी और एलसीडी प्रोजेक्टर पर अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण भक्तों को दिखाया गया। व बादपुर में शोभायात्रा निकाली गयी अयोध्या में राम लला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मांडा क्षेत्र के विभिन्न कस्बों में मांडा रोड, चिलबिला,महेवा, भारतगंज, मांडा खास, तिसेन, खवासकातारा, सिकरा, सुरवादलापुर ,गेरुआडीह , बघौरा आदि में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। मांडा खास कालीं माँ के मंदिर , मांडवी देवी मन्दिर सहित थाना व ब्लॉक परिसर सजाया गया। इसके अलावा भारी मात्रा में निजी मंदिरों एवं घरों में दीपक जलाके पटाखा फोड़ा गया। तथा दर्जनों भव्य कार्यक्रम एवं सुंदरकांड, रामचरितमानस पाठ का भी आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर पूर्व जिपं अध्यक्ष रेखा सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख मांडा अशोक सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत केसरवानी, शनि पटेल,संदीप केशरवानी,रिशु सिंह, प्रिंस सिंह, रंजीत पांडेय,सीता राम हलुआई, जयशंकर प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, सालिक राम कुशवाहा, अंकित केशरवानी,पुष्पेंद्र प्रजापति विजय प्रजापति आदि लोग शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा



**पसना।** अयोध्या धाम में बहु प्रतीक्षित भव्य श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कोरांव क्षेत्र में कई जगहों पर भजन,कीर्तन एवम शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बभनपट्टी गांव में ग्राम वासियों ने गाजे बाजे के साथ धूमधाम से शोभा यात्रा का आयोजन किया। यात्रा प्राचीन हनुमान मंदिर से शुरू होकर पूरे ग्राम सभा का भ्रमण करते हुए विवेक मिश्र के आवास पर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल भारतीय किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष भोला सिंह ने कहा कि आज 500वर्षो के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सद्प्रयासो से भगवान रामलला का अलौकिक मंदिर बन कर तैयार हुआ है,जो देश के लिए गौरव का क्षण है। यात्रा के संयोजक क्षेत्र पंचायत सदस्य विवेक कुमार मिश्र ने कहा कि आज देश में रामराज्य का सपना साकार हुआ है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से, अशोक दुबे,भोले दुबे,धीरज मिश्र,ज्ञान दुबे,नैनेश आदि शामिल रहे।

### वीरपुर बाजार से निकाली गई श्री राम की शोभा यात्रा



**करछना।** श्री अयोध्या धाम में सोमवार को विराजमान हुए श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत वीरपुर बाजार से राम भक्तों की ओर से गाजे -बाजे के साथ राम की भव्य शोभा यात्रा जय श्री राम के उद्घोष के साथ निकाली गई यात्रा वीरपुर से चलकर अंतहिया गांव में पहुंची । जहां पर रथ पर विराजमान श्री राम , लक्ष्मण सहित हनुमान की लोगों की ओर से आरती की गई । यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में भाजपा नेता संदीप तिवारी, समाजसेवी अरुण तिवारी ,शंकर लाल केशरवानी, निलेश तिवारी, निखिल तिवारी , आलोक पांडेय ,रामानंद तिवारी ,संजय दिवेदी,पप्पू पांडेय,सूर्य मणि तिवारी, अंकुश,निखिलेश ,सूर्यप्रकाश, श्रीराम केसरवानी ,सोनू केसरवानी,योगेश यादव, सुमित पांडेय,कमला प्रसाद केसरवानी, आशीर्वाद तिवारी, अनुराग तिवारी,हंसराज आदि लोग साथ में रहे।

### राम प्राण प्रतिष्ठा में शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई



**करछना** अयोध्या में राम प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर आज ग्राम बेंदों में राम शोभा यात्रा निकाली गई जो गायत्री जनरल स्टोर से प्रारंभ होकर शिवा जी पालीटेक्निक, जनता जूनियर स्कूल , ग्राम प्रधान पति श्री बड़ेलाल पटेल के घर नैनुआ से होते हुए पुनः गायत्री जनरल स्टोर पर समाप्त हुई शोभा यात्रा के दौरान समस्त ग्राम वासियों को अयोध्या जाने के लिए अक्षत भी वितरण किया गया । जगह-जगह पर राम भक्तों का लोगों ने स्वागत किया उन्हें चाय कॉफी फल प्रसाद के रूप में दिया गया। यात्रा के पश्चात शिव मंदिर पर समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से सुंदरकांड का आयोजन किया गया और सबको भंडारे का प्रसाद का वितरण भी किया गया इस एक के बाद एक भक्तिमय कार्यक्रम का जोश युवाओं में देखते बन रहा था जिससे सभी भक्त मनमोहित हो गए। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक में सर्वप्रथम श्री मुकेश शुक्ला , आनद चतुवेर्दी, गौरव चतुवेर्दी , हर्ष शुक्ला, अमन तिवारी , सत्यम सिंह , शिवम , महेश , शमशेर, संजय , बबलू, पिंटू , तथा अन्य ग्राम वासियों सहित बहुत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे । शोभा यात्रा में आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल जी भी अपने साथियों सहित गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई जिनके स्वागत अभिनंदन शोभा यात्रा के आयोजन के सदस्य श्री अकाश शुक्ला ने किया। आज की शोभा यात्रा और सुंदरकांड में शामिल हुए और समस्त ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा प्रसाद ग्रहण किया

### गाजे बाजे के साथ रथ पर सवार होकर निकला रामदल यात्रा



**घूरपुर।** अयोध्या मंदिर में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन घूरपुर कस्बा स्थित राम मंदिर को भव्यता पूर्ण साज सज्जा कर भगवान श्री राम की विधि पूर्वक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना आरती करने के बाद पताका लहराते गाजे बाजे के साथ जय श्री राम के जयकारे लगाते रथ पर सवार होकर रामादल यात्रा निकला। इस अवसर पर अमृत लाल जायसवाल, सोम केसरवानी, सुबोध जायसवाल, प्रिंस जायसवाल, सोनू झक्की, दिनेश केसरवानी, नीरज मिश्रा, शिवदीन विश्वकर्मा, संजीव जायसवाल, भोला केसरवानी, शंकर लाल केसरवानी,लल्ला केसरवानी, अतुल यादव आदि सैकड़ो श्रद्धालु रामादल यात्रा में शामिल रहे।

### श्री राम जय राम जय जय राम के उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र हुआ राममय



**जसरा।** श्री राम जय राम जय जय राम के उद्घोष के साथ पूरा जसरा राम मय हो गया। रस्तोगी नर्सिंग होम जसरा में डा०संतोष सिंह ने श्री रामोत्सव के शुभ अवसर पर रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया। अयोध्या धाम से प्रसारित रामोत्सव को टीवी के बड़े स्क्रीन पर प्रसारित कर हजारों लोगों को राममय कर दिया। विकास खंड जसरा परिसर में भगवान श्री राम परिवार के दिब्य मंदिर का शिलान्यास जसरा ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह उर्फ पप्पू छतहरा व खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद ने आधार रखा। रामोत्सव के शुभ मुहूर्त पर भगवान श्री राम का जुलूस निकाला गया। राजू केसरवानी,अमृतेश केसरवानी,राम बैटरी,आकाश केसरवानी, अनूप जायसवाल,अमित श्रीवास्तव सहित दर्जनों लोगों ने रामचरित मानस पाठ के बाद भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा की अधीक्षिका डा०अंकिता पांडेय ने अस्पताल में रामोत्सव मनाया। इस अवसर पर बारा विधायक डा०वाचस्पती, डा०संगम मिश्रा,मंडल अध्यक्ष जगतनारायण शुक्ला,आलोक पाठक,आशीष सोनकर,रामानंद त्रिपाठी,शंकर देव त्रिपाठी, राकेश सिंह,अंबुज त्रिपाठी, रवीन्द्र सिंह, नितिन केसरवानी,अनिल शुक्ला सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### आस्था का उमड़ा जन सैलाब, मंदिरों व घरों में हुए कीर्तन भजन



**सहसों।** अयोध्या में राम उत्सव एवं प्रांण प्रतिष्ठा की सुनहरे बेला पर देश राम मय हो गया एवं भगवा ध्वज से पट गया। इसी तरह सहसों बाजार स्थित राम जानकी मंदिर सहित आदि मंदिर सज धज कर तैयार जिसमें आम जनमानस भक्त श्रद्धालु ने दर्शन, पूजन के साथ हरि नाम कीर्तन करते विशाल शोभायात्रा निकाली। विशाल शोभा यात्रा को विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयं संघ के द्वारा निकालकर सहसों बाजार होते हुए बाईपास, गोल चौराहा, ललचहां स्थित दुर्गा मंदिर होते हुए वापस राम जानकी मंदिर प्रांगण में आकर समाप्त हुआ। तत्पश्चात आतिशबाजी का दर्शकों ने नजारा देखा। विशाल शोभायात्रा में भव्य राम जानकी लक्ष्मण एवं हनुमान जी की झांकियां एवं आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ शोभायात्रा को घुमाया गया। इस अवसर पर सहसों बाजार में आयोजित भजन संध्या का भी लोगों ने खूब आनंद लिया। इसी तरह क्षेत्र के भोपतपुर, सिंगरामऊ, मीरापुर, बगई कला, कांदी, चकिया घरहरा, रामनगर, मेंडुवा, तिवारीपुर सहित आदि गांव में भी भक्तों ने घरों एवं मंदिरों में प्रभु श्री राम के प्रांण प्रतिष्ठा एवं राम उत्सव के दौरान भजन कीर्तन, सुंदरकांड, राम नाम संकीर्तन करते हुए भक्ति में मगन रहे। इस विशाल शोभायात्रा में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार कविता पटेल, क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल, जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल, जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी, जिला संयोजक व्यवसायिक प्रकोष्ठ भाजपा गंगापार चंद्रेश केसरवानी, जिला संयोजक नमामि गंगे गंगापार राजधर द्विवेदी, सत्यम केसरवानी, इं. बद्री प्रसाद सिंह, शिव बाबू केसरवानी, समाज सेवी जयेस केसरवानी, नितिन तिवारी, बाल गोविंद तिवारी, लालजी द्विवेदी, सेठ सोहनलाल केसरवानी एवं बबलू केसरवानी सहित आदि रहे।

# जय श्री राम' के उद्घोष के साथ जल जीवन मिशन के पंडाल का माघ मेला में हुआ शुभारंभ

**प्रयागराज माघ मेला में जल जीवन मिशन के पंडाल के जरिए उत्तर प्रदेश में ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था में आई क्रांति झांकी का प्रदर्शन**

**पंडाल के शुभारंभ के मौके पर आठ एलईडी स्क्रीन पर रामायण का प्रदर्शन, प्राण प्रतिष्ठा समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग, पंडाल में किया गया सुंदरकांड का पाठ और भंडारा**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या को निरंतर कम किया जा रहा है. किस तरह से जल जीवन मिशन पूरे यूपी में ग्रामीणों के जीवन में बदलाव ला रहा है, उसकी एक झांकी प्रयागराज के माघ मेले में देखने को मिलेगी । प्रयागराज के माघ मेले में पहुंच रहे करोड़ों श्रद्धालुओं के बीच उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन का पंडाल आकर्षण का केंद्र बन गया है। अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर सोमवार को जल जीवन मिशन के पंडाल का श्री गणेश किया गया। पंडाल में लगाई गई आठ एलईडी स्क्रीन पर रामानंद सागर कृत रामायण धारावाहिक का प्रसारण किया गया. इसके साथ ही अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग भी इन स्क्रीन पर की गई।जल जीवन मिशन के पंडाल में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पश्चात शाम को सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया. इसके बाद में भंडारे का भव्य आयोजन हुआ और यहां आए श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान जल जीवन मिशन का पंडाल जय श्री राम के उद्घोष से गूंजता रहा. जल जीवन मिशन उत्तर प्रदेश के कार्यकारी निदेशक बृजराज यादव ने विधि विधान के साथ इस पंडाल का शुभारंभ किया।





**शुभारंभ के मौके पर राममय हुआ पंडाल :** जल जीवन मिशन उत्तर प्रदेश के पंडाल का माघ मेले में सोमवार को जब श्री गणेश हुआ तो अयोध्या में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा का अद्भुत अवसर भी साथ ही था. इस अवसर पर पंडाल के सभी आठों में विशाल एलईडी स्क्रीन पर सुबह 8:00 से धारावाहिक रामायण का प्रसारण किया गया. इसके बाद इन स्क्रीन्स पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई। यहां आए हजारों श्रद्धालु भी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने.

**हर घर नल से जल योजना का मॉडल विलेज कर रहा आकर्षित :** इस पंडाल में हर घर नल से जल योजना के मॉडल विलेज को भी प्रदर्शित किया गया है, जिसके जरिए यह बताया गया है कि किस तरह से एक आदर्श गांव में हर घर नल से जल योजना प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कर रही है. किस तरह से एक गांव में टंकी के माध्यम से शुद्ध पेयजल हर घर को पहुंचाया जा रहा है और व्यवस्थित सड़के गांव में नजर आ रही हैं. जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण की जागरूकता के प्रयास से कैसे ग्रामीण न केवल शुद्ध पेयजल की आपूर्ति का लाभ उठा रहे हैं बल्कि जल संरक्षण में मदद भी कर रहे हैं. इन सारे बिंदुओं को बहुत ही सार्थक तरीके से इस मॉडल विलेज में दशार्या गया है।

**मॉडल विलेज के साथ सेल्फी लेने की होड़ :** पंडाल में हर घर नल से जल योजना के मॉडल विलेज के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची रही। मॉडल विलेज में नल के साथ सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। इस सेल्फी प्वाइंट पर हजारों की संख्या में लोगों ने सेल्फी ली। यहां आए लोगों को जल संरक्षण की जानकारी भी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि हर घर नल से जल योजना के तहत जो पानी घरों में पहुंचता है, वो कितना शुद्ध होता है। इस पानी को शुद्ध करने के लिए कितनी प्रक्रिया से गुजारा जाता है।

## आश्रय स्थलों में तीन दिनों में चार नाबालिकों की मौत

**प्रयागराज।** शहर में स्थित राजकीय व एक निजी आश्रयस्थल में तीन दिनों के भीतर चार नाबालिगों की मौत हो गई है। इनमें से एक 17 साल जबकि तीन क्रमशः दो दिन, तीन साल व नौ साल के थे। सभी की मौत कारण बीमारी बताया जा रहा है। इनमें से दो का पोस्टमार्टम रविवार को कराया गया। राजकीय बालिका गृह खुल्दाबाद में फतेहपुर के खखरेरू की रहने वाली 17 साल की किशोरी काफी दिनों से आवासित थी। वह 12 जनवरी से बीमार थी और उसे एसआरएन में भर्ती कराया गया था। 19 जनवरी को को उसकी मौत हो गई जिसकी सूचना देने के बाद भी परिजन नहीं आए ।रविवार को परिजनों के आने के बाद खुल्दाबाद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया गया। उधर रविवार को ही म्योराबाद स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटीज के आश्रयस्थल में भर्ती नौ साल की बालिका की मौत हो गई। वह कानपुर की रहने वाली थी और काफी दिनों से बीमार थी। आश्रयस्थल में ही रखकर उसका इलाज कराया जा रहा था जहां रविवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। इससे पहले 20 जनवरी को राजकीय शिशु गृह खुल्दाबाद में तीन साल की बच्ची व एक नवजात ने दम तोड़ दिया था। बच्ची चित्रकूट जनपद जबकि नवजात आजमगढ़ जनपद से यहां भेजा गया था। दोनों का इलाज सरोजनी नायडू बाल चिकित्सालय में चल रहा था। इलाज के दौरान ही उनकी सांसें थम गईं। खुल्दाबाद व कर्नलगंज पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया है। एक किशोरी समेत चार बच्चों की मौत की जानकारी मिली है। इसमें एक बच्चा मिशनरी के शेल्टर होम में था। खुल्दाबाद के राजकीय शिशुगृह में किशोरी काफी दिनों से बीमार थी। उसकी किडनी में संक्रमण फैल गया था। उसे एसआरएन में भर्ती कराया गया था, लेकिन हालत में सुधार नहीं आ सका। इसी तरह दो बच्चे कम वजन के थे। उनका भी इलाज कराया जा रहा था, लेकिन रिकवरी नहीं हो सकी। – सर्वजीत सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी।

## सड़क दुर्घटना में प्रधान के भाई की दर्दनाक मौत, घर में मचा कोहराम

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के सराय ईस्माइल ग्राम प्रधान के भाई की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं परिजनों तथा गांव में मातम सा छाया हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सराय ईस्माइल थाना उतराव निवासी रामधनी भारतीय जो वर्तमान में सराय ईस्माइल गांव के वर्तमान प्रधान हैं। उनके भाई राजपति भारतीय उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र बलिकरन जो रविवार शाम साइकिल से लगभग 6:00 बजे के करीब घर से बलरामपुर बाजार के लिए गए हुए थे काफी रात में देर रात जब घर नहीं लौटे थे तो परिजनों द्वारा खोजबीन किया गया। लेकिन कहीं पता नहीं चला। वही सोमवार सुबह मोतिहा चंडाल चौराहे पुलिया के पास सड़क के किनारे गेहूं के खेत में ग्राम प्रधान के भाई की लाश औंधे मुंह ग्रामीणों ने देखा।शव से दस मीटर दूर साइकिल भी मिला। गेहूं के खेत में शव मिलने की सूचना पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सूचना पर ग्राम प्रधान पहुंचकर शव का शिनाख्त करते हुए पुलिस को सूचना दी। वहीं मृतक के सिर में चोटों से प्रतीत होता है की गंभीर चोटे आने से मौत हुई। सूचना पर मौके पर थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी मयफोर्स पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शव का पीएम होने के बाद ही मामला स्पष्ट सामने आएगा। मृतक के दो बेटे व दो बेटियां हैं। वहीं मृतक राजपति मजदूरी कर अपने परिवार का भारत पोषण करता था। मृतक राजपति की मौत से पत्नी अनीता व माता अमरावती देवी समेत परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। वही गांव में मातम सा छा गया है।




### चार पहिया वाहन ने महिला को मारी टक्कर मौत

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के कल्याण शाह का पूरा गांव के सामने एक महिला दोपहर में सड़क पार कर रही थी तभी तेज रफ्तार एक चारपहिया कर जो कि प्रतापगढ़ से प्रयागराज की तरफ आ रही थी टक्कर मार दिया मौके पर महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ददौली नहर निवासिनी सुनीता देवी (40) किसी काम से कल्याण शाह का पूरा गांव में गई थी वापस घर आते समय जैसे ही वह प्रयागराज प्रतापगढ़ नेशनल हाइवे पर पहुंची थी तभी एक तेज रफ्तार कार सवार ने टक्कर मार दिया। और कार अनियंत्रित होकर बदल खाई में गिर गई। सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिए। और चार पहिया वाहन को कब्जे में ले लिया है। कार ड्राइवर मौके से भागने में सफल रहा। मृतका के पति बच्चे लाल ने थाने पर तहरीर देकर अज्ञात कार चालक पर मुकदमा दर्ज करवा दिया है।

## माघ मेले में बना एआई तकनीक पर आधारित सेल्फी प्वाइंट, मोदी-योगी के साथ ले सकेंगे सेल्फी

**प्रयागराज।** महाकुंभ के ट्रायल के तौर पर बसे माघ मेले इस बार अभिनव प्रयोग मिलेंगे। पहली बार मेले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न होते हुए भी सबके साथ होंगे। यह सब संभव हो सकेगा एआई तकनीक के जरिए। संगम की रेती पर पहली बार एआई तकनीक पर आधारित ऐसा सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, जिसमें हर तस्वीर के साथ पीएम-सीएम खड़े नजर आएंगे। इस सेल्फी प्वाइंट को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन आम लोगों के लिए खोला जाएगा।यह एआई तकनीक पर देश का दूसरा सेल्फी प्वाइंट है। इससे पहले जी-20 के शिखर सम्मेलन में इस तकनीक पर सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। जल जीवन मिशन के शिविर में बने इस सेल्फी प्वाइंट में लोगों को प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के साथ सेल्फी लेने का मौका मिलेगा। मिशन के अधिशासी अभियंता प्रवीण कुट्टी के निर्देशन में यह सेल्फी प्वाइंट बनकर तैयार हो गया है। शनिवार को इसका ट्रायल भी पूरा हो गया।

**देश में दूसरा एआई सेल्फी प्वाइंट माघ मेले में :** माघ मेला क्षेत्र में बना यह सेल्फी प्वाइंट सबसे खास है। इसमें पीएम, सीएम का कोई कट आउट नहीं रखा गया है। एक खास तरह का बॉक्स बनाया गया है, जिसमें प्रदेश के गावों में जल पहुंचाने की थीम पर एक पानी की टंकी को बीच में रखा गया है। सेल्फी लेने वाला व्यक्ति इस बॉक्स के अंदर खड़ा होकर अपनी फोटो खिंचाएगा। इसके बाद अत्याधुनिक तकनीक के जरिए सेल्फी खिंचाने वाले व्यक्ति के एक तरफ मोदी और दूसरी तरफ योगी की तस्वीर इस तरह खुद-ब-खुद जुड़ जाएगी। इससे ऐसा लगेगा है मीएम और सीएम सच में उसके अलग-बगल खड़े हों। इसकी देखरेख में लगे राहुल सिंह ने बताया कि ऐसा सेल्फी प्वाइंट देश में दूसरी बार बनाया गया है। इसके पहले दिल्ली में जी-20 सम्मेलन के दौरान इस तरह का सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। इस पूरे सिस्टम को चलाने के लिए जर्मनी से ऑपरेटर को बुलाया गया है। 22 जनवरी को यज्ञ, हवन और भंडारे के बीच लोग इस सेल्फी प्वाइंट पर अपनी मौजूदगी को यादगार बना ते रहे ।







## नैनी में धूमधाम से निकाला गया श्री राम शोभायात्रा

**नैनी।** नैनी अयोध्या श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में सार्वजनिक रामलीला कमेटी की ओर से श्री राम शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सार्वजनिक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल के द्वारा सार्वजनिक रामलीला कमेटी मैदान से कॉटन मिल शंकरढाल नैनी बाजार स्टेशन रोड हनुमान मेवा लाल की बगिया आदि स्थानों से होकर भव्य राम शोभा यात्रा निकाली गई। जगह–जगह राम भक्तों का लोगों ने स्वागत किया। रामलीला कमेटी के लोग शामिल हुए। अध्यक्ष व पार्षद राकेश जयसवाल आकांक्षा जायसवाल प्रमोद सिंह नयन कुमार कुशवाहा गुड्ड गुड्डू बिल गैरेज धर्मराज पटेल पिंटू जैन दिनेश केसरवानी हाशिम खान सोनू मिश्रा। शोभा यात्रा के दौरान नैनी थाना कोतवाली की पुलिस मौजूद रही वहीं पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एसीपी करछना उप जिलाधिकारी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के व कस्बा चौकी प्रभारी उमाशंकर सिंह के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर एसपीओ टीम शोभा यात्रा में यातायात व्यवस्था एवं शांति सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में प्रशासन के साथ मौजूद रही।इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली के नेतृत्व में वीरेंद्र पटेल रामजी जायसवाल प्रदीप कुमार रामजी गौड़ सुरेंद्र कुमार गुप्ता दिनेश कुमार केसरवानी राकेश कुमार मो नौशाद एवं मो फिरोज आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### उत्साह से मनाया श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा किया विशाल भंडारा




**प्रयागराज।** प्रभु श्री राम जी की जन्मभूमि अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 22 जनवरी दिन सोमवार को श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति ने बादशाही मण्डी में चमेली देवी धर्मशाला के बगल एस सी बसु रोड पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमे संस्था के अध्यक्ष रत्नेश यादव ने बताया कि हमारी संस्था ने दस दिन पहले से ही पूरे मुहल्ले में झण्डा लगाकर इस उत्सव को मनाने के लिए तैयार हो गए थे प्रभु श्री राम जी के पांच सौ वर्ष का बनवास खत्म हुआ अध्यक्ष रत्नेश यादव जी एवम समस्त पदाधिकारियो का उत्साह देखने को मिला कि समिति ने प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम अयोध्या में समाप्त होते ही जय श्री राम का नारा बुलंद किया और भजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमे मुहल्ले में सभी दुकानदार और जन समूह प्रसाद वितरित किया मीडिया प्रभारी अरविन्द पाण्डेय ने बताया कि यह यह प्रभु श्री राम जी की जन्म स्थली अयोध्या पर ही नही पूरे विश्व में आज का दिन ऐतिहासिक पल है और हर घर में दीपावली आज पुनः मनाया जा रहा है इस अवसर पर विनीत गोस्वामी, वीरू गुप्ता,भानु प्रकाश ,नंदनी,अनूप मिश्रा,अल्ताफ खान,सक्षम,शुभम गुप्ता,पवन मिश्रा, सूरज गौड़, मनोज रावत ,साहिल, शाहिद, अंकित ,रजत, अमित केशरवानी , प्रकाश,उदय गुप्ता,संदीप साहू,शंकर, अंकुर, दीप ,प्रिन्स,साहिल सिंह आदि बादशाही मण्डी के लोग उपास्थित रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आनंदोत्सव आयोजनों की रही धूम

**नैनी।** नैनी श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर नैनी क्षेत्र मे जगह–जगह सुन्दरकाण्ड पाठ एवं कीर्तन भजन के साथ आनंदोत्सव आयोजनों की धूम रही। इसी के तहत अवंतिका कालोनी बी–ब्लॉक में सुन्दरकाण्ड पाठ एवं डी ब्लांक के शीतला माई पार्क में अवंतिका विकास समिति महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भजन कीर्तन कार्यक्रम हुआ। वहीं अवंतिका रामलीला कमेटी द्वारा अयोध्या में रामजन्म भूमि मन्दिर में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने हेतु रामलीला मैदान में बड़ी स्क्रीन टीवी लगाई गई थी। इसी तरह हर क्षेत्र में रामोत्सव कार्यक्रम के आयोजनों की धूम रही।

### रेलवे फाटक हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण व हनुमान नगर में चाय वितरित किया गया



**नैनी।** नैनी रेलवे फाटक पर हनुमान मंदिर में अयोध्या में रामलला मन्दिर प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर किया गया प्रसाद वितरण काफी संघर्ष के पश्चात रामजन्म भूमि में रामलला का मंदिर अयोध्या में बनकर तैयार हुआ । पूरा देश राममय हो गया। इस अवसर पर रेलवे फाटक हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण हुआ। भगवान रामलला की जन्मभूमि अयोध्या में प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर समाजसेवी डब्लू जायसवाल अशोक गुप्ता टेंट वाले आकाश गुप्ता आदि के देखरेख में 2 बजे से प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में नगरवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी कड़ी में नैनी हनुमान नगर में ठंड को देखते हुए वहां के व्यापारी लोग चाय व नमकीन वितरित किए काफी संख्या में लोग चाय पिए। चुन्नी चाय वाले ऋतिक चौरसिया दीपक केसरवानी बाबू शर्मा रानू तिवारी वहां से आने जाने वालों को चाय पिलाई गई।

### रक्तदाताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**मांडा।** स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन ए एम ए ब्लड बैंक में आयोजित किया गया। यह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 22 जनवरी को जनपद अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि में बन रहे मन्दिर में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत आयोजित किया गया जिसमे कुल 24 रक्तदाताओ ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओ का यही कहना था कि वो सभी खुद को सौभाग्यशाली समझते है कि उनके जीवन काल मे ऐसा पुण्य अवसर आया है कि श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन रहे है। इंस्पेक्टर पवन पांडेय द्वारा रक्तदाताओ का हौसला बुलन्द करते हुए सन्देश दिया है । इस अवसर पर पुलिस मित्र के सक्रिय सदस्यों में सन्तोष तिवारी,अभिषेक शुक्ल, अनुप कुमार बिंद,राहुल अग्रवाल, राजुल शर्मा,विवेक पांडेय, श्री कुशाग्र,अनुराग,विमल, आलोक जैन,अभय यादव विवेक श्रीवास्तव, संदीप जी उपस्थित रहे।

### मोबाइल की दुकान में सेंधमारी कर लाखों की चोरी

**मऊआइमा।** चोरों ने सेंधमारी करके मोबाइल की दुकान से मोबाइल, कम्प्यूटर, नगदी सहित लगभग डेढ़ लाख की चोरी करने में सफल रहे। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी । पुलिस तहरीर लेकर जांच में जुट गई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बांकाजलालपुर गांव निवासी राधे सरोज पुत्र कल्लू सरोज बांकाजलालपुर बाजार में मोबाइल की दुकान खोले हुए है। सोमवार को सुबह जब राधे सरोज दुकान खोलने आया तो देखा कि मोबाइल के दुकान में सेंधमारी हुई है और दुकान में रखे दस नये छोटे मोबाइल,बीस बड़े नये मोबाइल, कम्प्यूटर, सहित अनेकों सामानों के अलावा पैंतीस हजार रूपया नगदी लगभग डेढ लाख की चोर चोरी करने में सफल रहे।राधे सरोज ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर जांच कर रही है।

## रामोत्सव में झूमे शंकरगढ़ वासी, निकाली भव्य शोभायात्रा






अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** मेरी झोपड़ी के भाग (भाग्य) आज खुल जाएंगे, राम आएंगे-आएंगे, राम आएंगे। मैं तो रुचि-रुचि भोग लगाऊँगी, माखन मिश्री मैं राम को खिलाऊंगी.... जैसे भक्ति गीतों के साथ सोमवार दोपहर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर पंचायत शंकरगढ़ के आर्य समाज मंदिर के बगल से निकली शोभायात्रा में पीत और भगवा वस्त्र धारण के सैकड़ों कस्बावासी शामिल हुए। भक्तों में पुरुष-महिलाओं के साथ बच्चों ने भी श्रीराम का जयकारा लगाया और अयोध्या में प्राणप्रतिष्ठा का जश्न मनाया। इसके पूर्व आर्य समाज मंदिर के बगल स्थित देवालय में पंडित त्रियुगीकांत मिश्र और पंडित विकास द्विवेदी पूरे विधि-विधान से पूजन-अर्चन करवाया। इसके पश्चात शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के पश्चात यहां पर श्रीराम के साथ-साथ महादेव और जगतजननी मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई। डीजे के साथ शंकरगढ़ और लाइनपार से निकाली गई शोभायात्रा के दौरान खूब आतिशबाजी की गई। राम के निमित्त निकली इस यात्रा में अनिल केसरवानी, महेश केसरवानी, मुकेश जी, सुधा गुप्ता, रतन केसरवानी, रोहित केसरवानी, अनूप केसरवानी, टमाटर गुरु, देव द्विवेदी, राम जतन बंसल, सोमनाथ वर्मा, अनुज केसरवानी, उमा वर्मा, रीतू, रेनू, रंगीता, विनीता, संगीता, गीता, रानी, अनीता, वर्षा, अंजली, नेहा सिंह, ज्योति कनौजिया, ऋचा, पूनम, श्वेता गुप्ता, खुशी, जय केसरवानी, विनोद केसरवानी, राजकुमार केसरवानी, सतीश विश्वकर्मा, मनोज सोनी, निखिल,अजय केसरवानी, शुभम, अविनाश अरविंद केसरवानी, राजू केसरवानी, राजेश केसरवानी, मनोज केसरवानी, बल्लू केसरवानी समेत सैकड़ों नर-नारी शामिल हुए और राम का जयकारा लगाया। रामोत्सव के लिए पूरे कस्बे को दुल्हन की तरह सजाया गया है। रंगबिरंगी विद्युत झालरें, गुब्बारे और भगवा ध्वज से पूरे कस्बे में उत्सव सा माहौल बना रहा। रामभवन चौराहा, सदर बाजार ,महिला अस्पताल प्रांगण स्थित मंदिर समेत तमाम देवालयों में भजन कीर्तन के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ और नगर में सांझ ढलते ही कस्बावासियों ने अपने-अपने घरों में दीपक जलाया। आतिशबाजी की और श्रीराम का जयकारा लगाया।

## रामोत्सव पर सोरांव क्षेत्र में मनाए गए विविध कार्यक्रम



**सोरांव।** भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के अवसर पर सोरांव क्षेत्र में जगह-जगह मंदिरों की सफाई संग विविध कार्यक्रम किए गए। गौर तलब है कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में शिवगढ़ चौराहे पर क्षेत्रीय लोगों के नेतृत्व में एक विशाल जन सैलाब के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र के प्रसाद पुर, हाजीगंज, भावापुर, उसरही, अलमापुर, फुलवरिया लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय करते संग दर्जनों गांव के लोग मौजूद रहे। लगभग सैकड़ो की तादाद में लोगों ने डीजे, गाजे, बाजे संग घोड़े से और पैदल भ्रमण करते हुए जय श्री राम के गगन भेदी नारे लगाते हुए कार्यक्रम का समापन शाम लगभग 6 बजे शिवगढ़ चौराहे पर किया गया। तथा सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी सोरांव सतीश कुमार संग क्षेत्रीय दरोगा रवि शंकर शर्मा, मंगला सिंह यादव,विकास सिंह, दिवेश सिंह संग दर्जनों पुलिस कर्मी मौजूद रहे। यह शोभायात्रा शिवगढ़ चौराहा के बालू मंडी से शुरू होकर नेशनल ऑटो पार्ट्स, शिवगढ़ वाटिका होते हुए शिवगढ़ बाजार, अलमापुर होते हुए शिवगढ़ चौराहे पर शाम लगभग 6 बजे समापन किया गया। शोभा यात्रा में शामिल सैकड़ो लोगों को प्रसाद का वितरण का कार्य नेशनल ऑटो गैरेज के संचालक व ग्राम प्रधान पति बाहर सराय राम गणेश मौर्य व शिवगढ़ पैलेस तथा श्यामा वाटिका के डायरेक्टर राजेश कुशवाहा संग शंकर केसरवानी ने सभी लोगों को प्रसाद के रूप में हलवा का वितरण किए। वहीं सोरांव ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप पासी तथा खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार पटेल संग सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सुरेंद्र यादव ने परिसर में स्थित मंदिर पर पूजा अर्चना किए संग में परिसर में स्थापित सभी मूर्तियों पर माल्यार्पण करके प्रसाद वितरण किए। इस मौके पर भाजपा नेता हिमाशु केसरवानी, घनश्याम सोनी, सुशील सोनी, राज केशरवानी, अधिवक्ता शिव पूजन पटेल, अधिवक्ता राजेश कुमार (पत्रकार), राजू मौर्य, प्रधान पति अवधेश कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, शैलेंद्र अग्रहरी,शेर बहादुर, पवन पाल, न्यू लाइफ केयर हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर उदय पटेल संग सैकड़ो क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# 11 हजार दीपों से प्रकाशमय कर हनुमान भक्त एवं काशी के विद्वान करेंगे महाआरती

## सीताराम संग कीर्तन अखंड पाठ हनुमान मंदिर चिलबिला में प्रारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में चिलबिला स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर आज सीताराम संगकीर्तन का पाठ का शुभारंभ हो गया। मंदिर समिति के महासचिव रोशनलाल उमरवैश्य ने विधि विधान से पूजन कर सीताराम संगकीर्तन का अखंड पाठ का शुभारंभ कराया जो सोमवार को 11 बजे तक चलेगा। मंदिर परिसर को फूल मालाओं एवं विद्युत झालरों से सजाया जा रहा है।

समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्री हनुमान जी महाराज द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज 21 जनवरी को सीताराम संगकीर्तन का पाठ का शुभारंभ हो गया है जो 22 जनवरी को 11 बजे तक चलेगा। 11 बजे से एक बजे तक सभी भक्तों को अयोध्या में हो रहे प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। इसके लिए एलइडी स्क्रीन लगवाई जा रही है। शाम 5 बजे 11 हजार दीपों से पूरा परिसर तालाब की सीडीओ को प्रकाशमय किया जाएगा। 6 बजे महा आरती होगी जो काशी से आ रहे विद्वान करेंगे। 7 बजे आतिशबाजी का कार्यक्रम भक्तों ने रखा है। 8 बजे प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम प्रभारी सुरेश अग्रवाल ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हनुमान मंदिर में होने वाले दीपोत्सव आरती में पांच-पांच दीपक लेकर आए और महा आरती में शामिल होकर पुण्य के भागीदार बने। कार्यक्रम में तन मन धन से लगे हनुमान भक्त सुरेश अग्रवाल, सूरज उमरवैश्य, रामगोपाल, सत्य प्रकाश केडिया, प्रमोद कुमार, छेदीलाल, सोनू महाराज, शनि महाराज, आशीष कुमार, सूरज, आदर्श कुमार, देवानंद, संतोष कुमार, त्रिभुवन लाल, विवेक कुमार, अमन गुप्ता, श्याम बाबू, राकेश कुमार, विजय बाबू, प्रभात कुमार आदि उपस्थित रहे।



विद्युत झालरों से सजा प्राचीन हनुमान मंदिर।

### राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधानाचार्य की पुण्यतिथि आज

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रधानाचार्य स्व. अशोक कुमार तिवारी की पुण्यतिथि सोमवार को मनाई जाएगी। बता दें कि स्व. श्री तिवारी को वर्ष 2015 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया था। इस वर्ष उनकी पुण्यतिथि पर मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ में मरीजों को फल और मिठाई वितरित की जाएगी। यह जानकारी ज्ञानेश तिवारी ने दी है।

### रिजनल एग्रीकल्चर मेला तीन फरवरी से

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि रिजनल एग्रीकल्चर मेला 03 से 05 फरवरी 2024 तक आईसीएआर-आईआईवीआर वाराणसी में सब्जियों की नयी-नयी प्रजातियों को उगाने हेतु एग्रीहार्टिकल्चर प्रोडक्सन/प्रोटेक्शन तकनीकियों की जानकारी कृषकों को प्रदान करने हेतु रिजनल एग्रीकल्चर मेला आयोजित किया जा रहा है। आयोजित होने वाले किसान मेले में जनपद के कृषक अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर सब्जियों की नयी-नयी प्रजातियों को उगाने हेतु तकनीकी जानकारी प्राप्त करें।

# नगर के सभी बस्तियों में निकाली गई प्रभात फेरी

## प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति के पदाधिकारी हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में जिले के सभी खंडों में एवं एवं नगर के सभी बस्तियों में प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें अनेक राम भक्त शामिल रहे। नगर में शिव बस्ती में भव्य झांकी निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित रही।

बता दें कि पूरे जिले में लगभग 1369 मंदिर चिन्हित किए गए हैं, जहां पर 22 जनवरी 2024 को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मंदिरों पर कार्यक्रम संपन्न करने के लिए राम भक्त आज अपनी तैयारी पूरी कर लिए। सभी मंदिरों पर प्रातः काल से ही सुंदरकांड का पाठ हनुमान चालीसा का पाठ विजय मंत्र का पाठ भजन कीर्तन आदि आध्यात्मिक कार्यक्रम दिन में संपन्न किए जाएंगे। तथा चलचित्र एवं तकनीकी माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। 22 जनवरी 2024 को सायंकाल सभी राम भक्त अपने-अपने घरों में अपने-अपने प्रतिष्ठान पर दीपोत्सव जैसा उत्सव मनाएंगे। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के सभी कार्यकर्ता जिले नगर के मंदिरों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने हेतु संपर्क अभियान में लगे हुए हैं। 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद तथा लाखों लोगों के प्राण की आहुति देने के बाद आज गौरव का क्षण है कि हम सब के समक्ष भगवान श्री राम अपने घर में बिराजने वाले हैं। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के जिला सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अभियान के जिला संयोजक राजन ने दिया। इस पूरे अभियान को सफल बनाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संचालक रमेश चंद्र त्रिपाठी, विभाग प्रचारक प्रवेश, विभाग कार्यवाह हरीश कुमार, जिला प्रचारक शिव प्रसाद, जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, जिला सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत के घुमंतू कार्य प्रमुख शशि भाल आदि मौजूद रहे।



बस्ती में प्रभात फेरी में शामिल समिति के पदाधिकारी।



शकरदहा में आयोजित बैठक में बोलतीं सिंधुजा मिश्रा सेनानी।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का हो रहा सर्वांगीण विकासः सिंधुजा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी की गारंटी के साथ शकरदहा, कुंडा में सिंधुजा मिश्रा सेनानी एडवोकेट विधानसभा कुंडा पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक प्रतापगढ़ रहीं। इस दौरान सिंधुजा मिश्रा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोदी की गारंटी के साथ प्रधानमंत्री की इस बात की भी तारीफ की कि उन्होंने एक सच्चे राम भक्त की तरह भगवान की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिये उत्साहित है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश के सभी नागरिकों के उत्थान के लिये संकल्पित हैं, जिसको कुछ विपक्षी भ्रामक प्रचार कर रहे हैं जिसको जनता अच्छी तरह से समझती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा राजन, मंडल महामंत्री शकरदहा राघवेंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक अधिकारीगण ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अध्यक्षता ग्राम प्रधान संजय सिंह फौजी ने किया।

# 26 केन्द्रों पर दोनों पालियों में 17620 परीक्षार्थियों ने दी सीटेट की परीक्षा

## दिल्ली से आई पांच सदस्यीय टीम की देखरेख में कड़ी सुरक्षा में हुई परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज जनपद के 26 परीक्षा केन्द्रों पर सीटेट की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई जिसमें पहली बेला में 26 परीक्षा केन्द्रों पर पंजीकृत 12780 परीक्षार्थियों में 11560 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 1220 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय बेला में 6773 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें केवल 713 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए और 6060 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

बता दें कि जिले के 26 केन्द्रो पर प्रथम पाली में और 17 केन्द्रों पर द्वितीय पाली में सुचारू रूप से सम्पन्न हुई। न्यू एन्जिल्स सी.से. स्कूल को परीक्षा कराने के लिये नोडल सेन्टर बनाया गया और प्रधानाचार्य बी के सोनी सिटी कोर्डिनेटर नियुक्त किये गये प्रश्न पत्र वितरण संगम इण्टर नेशनल स्कूल से किया गया जब कि ओ एम आर संकलन केन्द्र न्यू एंजिल्स सी .से स्कूल कटरा रोड प्रतापगढ़ ही रहा। जिले में सी टेट परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सीबीएसई न्यू दिल्ली से 5 सदस्यीय समिति आई थी। बता दें कि नोडल सेंटर न्यू एन्जिल्स सी.से.स्कूल कटरा रोड में हुई जिसमें 26 विद्यालयों के प्रधानाचार्य/केन्द्र व्यवस्थापक और कुल 37 आब्जर्वर उपस्थित रहे। 13 आबजरवर जनपद प्रतापगढ़ के और 24 दूसरे जिलों से आये थे। सभी विद्यालय के केन्द्र व्यवस्थापक अपनी पुलिस टीम के साथ प्रश्न पत्र वितरण केन्द्र पहुंचें और अपने अपने परीक्षा केंद्र को रवाना हुए। इस बार जो विशेष बात देखने को मिली वह थी सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक अटेन्डेन्स की व्यवस्था। विकलांग परीक्षार्थियों को एक ही कक्षा में बैठने की व्यवस्था की गयी थी उनके क्रमांक उसी प्रकार से सेट किये गये थे। न्यू एंजिल्स सी.से.स्कूल परीक्षा केन्द्र संख्या 222026 की परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक श्री राज कमल सिंह और आब्जर्वर कु. पूजा श्रीवास्तव, डिप्टी सी एस विवेक ओझा और राजेन्द्र कुमार मिश्रा, तीन क्लर्क और 46 कक्ष निरीक्षकों ने मिलकर सफलतापूर्वक परीक्षा सम्पन्न कराया। प्रथम पाली में कुल 540 परीक्षार्थी आबंटित हुए थे जिसमें 504 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और द्वितीय पाली में भी कुल 540 परीक्षार्थी आबंटित किये गये जिसमे कुल 498 परीक्षार्थी उपस्थित रहे और 42 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी केन्द्र व्यवस्थापकों और आब्जर्वरस ने परीक्षा सम्बन्धी सभी दस्तावेजों को संकलन केन्द्र न्यू एंजिल्स में सीबीएसई के अधिकारियों को हस्तांतरित किया। इस परीक्षा केन्द्र की व्यवस्था देख रही प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने बताया कि यह सीटेट की परीक्षा दिल्ली से आई पांच सदस्यीय टीम ने कराया है। इन्हीं के निर्देशन में यह परीक्षा सुचारु रुप से दोनों पालियों में सम्पन्न हुई।



न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

# तहसीलों में आपदा मित्रों का होगा चयनः एडीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि मुख्यमंत्री आपदा मित्र योजना के तहत जनपद में तहसीलवार राज्य आपदा मोचक निधि से प्रत्येक तहसील में 20-20 (16 पुरूष एवं 04 महिला) आपदा मित्र परियोजना संचालित/क्रियान्वित किये जायेगें जिसमें जनपद से कुल 100 आपदा मित्र का चयन किया जायेगा एवं आपदा मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। जनपद स्तर पर वॉलन्टियर्स के चयन हेतु अनिवार्य अर्हताएं एवं निर्धारित मानक के सम्बन्ध में बताया है कि आयु सीमा 18 से 40 वर्ष के मध्य हो, पूर्व सेना अधिकारी, सेवानिवृत्त चिकित्सा कर्मियों, इंजीनियरों के लिये आयु में अधिकतम 35 वर्ष की छूट दी जा सकती है, सम्बन्धित जिले का मूल निवासी होना अनिवार्य है, न्यूनतम 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य ठीक हो, मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र अनिवार्य है। एनवाईकेएस, एनसीसी, एनएसएस और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के कम से कम 50 प्रतिशत स्वयंसेवकों की भागीदारी अनिवार्य होगी। शेष 50 प्रतिशत स्वयंसेवकों के चयन में पूर्व सैनिकों, अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा के कर्मियों को प्राथमिकता दी जा सकती है। प्रशिक्षित किये जाने वाले कुल स्वयंसेवकों में से 80 प्रतिशत पुरूषों तथा 20 प्रतिशत महिला स्वयंसेवकों की भागीदारी अनिवार्य है। आपदा प्रबन्धन एवं बचाव कार्यो में अनुभव प्राप्त स्वयंसेवकों को वरीयता प्रदान की जायेगी। अभ्यर्थी आपदा मित्र के पद हेतु सम्बन्धित तहसील/जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण प्रतापगढ़ से सम्पर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है।

# लवाना भवानीगंज बाजार मे ब्यापारियो ने निकाली प्रभु श्रीराम की शोभा यात्रा

### जगह जगह शोभा यात्रा का व्यापारियों ने किया स्वागत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा का समय जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे कुंडा तहसील सहित मानिकपुर, आलापुर, परियावां, लवाना भवानी गंज बाजार मे समुचा क्षेत्र केसरिया झंडो में तब्दील हो गया।

श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर परियावां माता मैया धाम मे प्रभु राम दरबार मे सरार्फा ब्यापारी के युवा सोम सोनी व सहयोगी द्वारा अखंड रामायण का पाठ रविवार की सुबह से शुरू किया वही मंदिर परिसर मे बने श्री राधा कृष्ण की नव निर्मित भवन मे शास्त्री ने वेदो मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन कर प्राण प्रतिष्ठा के साथ सम्पन्न कराया जिसमे यजमान लक्ष्मी नमकीन भंडार परियावा व राजू गुप्ता व धर्मपत्नी रही। प्राण प्रतिष्ठा व अखंड रामायण के समापन पर सोमवार को प्रभु श्रीराम के 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन लक्ष्मी नमकीन भंडार की तरफ से किया गया है। परियावां माता मैया धाम परिसर में एक साथ दो दो कार्यक्रम के शुभारंभ होने से समुचा क्षेत्र प्रभु श्रीराम व राधे कृष्ण से गुंजयमान होता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में लवाना भवानी गंज बाजार में व्यापारियों ने प्रभु श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा गाजा बाजा के साथ निकाली जो नौलखा मंदिर से आरा मशीन, शंकर नगर, बजरंग नगर, नई बस्ती, मोहन मथुरा, श्यामनगर, चैराहा लवाना भवानीगंज, हलचल मार्केट, चरपुरवा, शेषपुर धनापुर होते हुए वापस नौलखा मंदिर पहुंची जिसका नेतृत्व पुजारी आलोक पांडे के साथ संतोष केसरवानी, विभांश बंगाली, रिसभ केसरवानी, रोहित कसेरा, कृष्ण कुमार कसेरा, महेंद्र पटेल, गोपाल सोनी, हिमांशु मौर्या, रमेश, गोलू केसरवानी आदि लोग शामिल रहे। शोभा यात्रा के साथ लवाना चैकी के पुलिस कर्मी साथ में मौजूद रहे। इसी प्रकार नवाबगंज थाना क्षेत्र के मां भवानी धाम मंदिर कमेटी जनवामऊ में प्रभु श्रीराम की अयोध्या मे 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम चरित्र मानस का अखंड पाठ का आयोजन किया गया जिसके समापन पर 22 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक कोटेदार सत्यम सिंह जनवामऊ, आशीष जायसवाल, राजाराम जायसवाल, सुशील कुमार सिंह शिक्षा मित्र व सहयोगी मित्रगण रहे।



लवाना में शोभा यात्रा में शामिल व्यापारी युवा वर्ग।

### गाजे बाजे के साथ निकाली भव्य शोभा यात्रा, राम भक्तों में उत्साह

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अयोध्या में सोमवार को होने वाली भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा और अयोध्या में श्री राम मंदिर के शुभारंभ के ठीक पहले रविवार को पट्टी नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गईए जिसमें सभी नगरवासी डीजे पर बजट राम की धुन पर नाचते गाते दिखाई दिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह की अगुवाई में यशोभूम यात्रा चमन चैक पट्टी से प्रारंभ की गई जो की पट्टी चैक से होते हुए ढकवा मोड पर स्थित गायत्री मंदिर से होते हुए हनुमान मंदिर फिर राम जानकी मंदिर पर समापन हुआ जिसमें पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल पवन खंडेलवाल जुग्गीलाल जायसवाल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने बताया कि भगवान पुरुषोत्तम श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा सभी सनातनी भाइयों के लिए गौरव का विषय हैए श्री राम की मंदिर की स्थापना के बाद अब राम भक्तों के लिए मंदिर का द्वार खुल जाएगा।

### ग्राम प्रधान पति की माता का आकस्मिन निधन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बाजिदपुर के वर्तमान ग्राम प्रधान मालती देबी पत्नी वृंदावन वर्मा की सास सुरसती पत्नी स्व0 रामसेवक वर्मा (85) वर्षीय की रविवार को हृदयगति रुक जाने से अचानक मौत हो गयी मौत की जानकारी होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया जिनका अंतिम संस्कार बारह बीघा कोटरा बहादुरगज गंगाघाट पर किया गया जिसमे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एव जनसत्तादल के ब्लाक कालाकांकर के वरिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ता प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी व बीडीसी डा सतपाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में अंतिम संस्कार मे लोग शामिल रहे।

### जीआरपी और आरपीएफ ने चलाया चेकिंग अभियान

**प्रतापगढ़।** 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और 26 जनवरी के मद्देनजर मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन और रोड साइड के रेलवे स्टेशनों पर जीआरपी और आरपीएफ की जॉइंट टीम ने सुरक्षा और संरक्षा की दृष्टि से चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। इसी के क्रम में रविवार को एसओ जीआरपी देवेंद्र सिंह और एसआई वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में पुलिस बल ने स्टेशन पर यात्रियों और ट्रेनों की चेकिंग की, जो भी संदिग्ध दिखा। उसको थाने पर ले जाकर कड़ाई से पूछताछ की गई। सकुर्लेटिंग एरिया में खड़े होने वाले वाहनों को सचेत किया गया। एसओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर चेकिंग अभियान चलाया गया।

# खंड विकास अधिकारी नही मानते एसडीएम का आदेश

## किसानों की फसल पर आवारा पशुओं का लगा ग्रहण, गोशाला भेजने में नही दिखा रहे है रुचि

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम के आदेश के बाद भी बीडीओ द्वारा आवारा पशुओं को गोशाला भेजने की कोई भी सार्थक पहल होते हुए नहीं दिखाई दे रही है। किसानों की फसल पर पशु रूपी लगे ग्रहण से निजात नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के लोग परेशान है लेकिन समस्या की तरफ कोई भी अधिकारी संजीदा नही दिखाई दे रहा है।

स्थानीय विकास खंड में आवारा पशुओं का आतंक इस कदर है कि मानो किसानों की फसल पर ग्रहण सा लग गया हो। छुट्टा जानवरों की वजह से किसानों को कड़ाके की ठंड में रात-दिन खेत की रखवाली करनी पड़ रही है। समस्या के निजात के लिए लोग एसडीएम से कई बार शिकायत भी कर चुके है।वह आवारा पशुओं को गोशाला भेजने के लिए बीडीओ को कहा भी है। वहीं खंड विकास अधिकारी भी खुद को कम नहीं आंकते है,तभी तो एसडीएम के आदेश के बाद भी आवारा मवेशियों को गोशाला भेजवाने में कोई भी रुचि नहीं दिखा रहे है। ग्रामीणों की माने तो उन्होंने ने बीडीओ से भी कई बार समस्या के निजात के लिए आग्रह किया, लेकिन किसानों की समस्या को सुनकर भी अनसुना करना उनकी आदत सी बन गई है। परेशान किसान खुद के खर्च पर गोवंशो को गोशाला ले जाता है तो वहां तैनात लोग गोशाला की क्षमता पूरी होने की बात कहकर वापस कर देते है। अब इस दशा में परेशान किसानों की मदद कौन करे? वहीं इस संबंध में बीडीओ लालगंज से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने कोई भी जवाब देना उचित नहीं समझा।



क्षेत्र में खुले में घूम रहे आवारा पशु।

# जिले में शीतलहर से बचाव के लिये जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि शीतलहर से बचाव हेतु एवं इस मौसम में खान-पान विशेष ध्यान विषयक तैयारियों के दृष्टिगत जनपदवासियों के लिये शीतलहर से बचाव से सम्बन्धित एडवाइजरी जिसमें क्या करें क्या न करें की जानकारी जिला प्रशासन द्वारा जारी की जा रही है जिसके माध्यम से जनपद में अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को वर्तमान में शीतलहर से राहत एवं बचाव की जनजागरूकता आवश्यक है।

उन्होने बताया है कि सम्भव हो तो अधिक से अधिक घर के अंदर रहें। जांच ले कि आपके पास पर्याप्त सर्दियों के कपड़े है। मौसम और आपातकालीन प्रतिक्रिया की जानकारी के लिये सभी मीडिया स्रोतों के माध्यम से निगरानी रखें। अपने पड़ोस में रहने वालों पडोसियों की जानकारी कर लें, जो अकेले रहते है खासकर बुजुर्ग। सुनिश्चित करें कि आपातकालीन आपूर्ति आसानी से सुलभ हो। सम्भव हो तो आवश्यकतानुसार केवल एक कमरे का उपयोग करें-एक आंतरिक कमरा या मार्ग, जिससे कमरे का तापमान व्यवस्थित और गर्म हो।

नियमित गर्म पेय पदार्थ का सेवन करें ये ठंड से लड़ने के लिये शरीर की गर्मी बनाए रखेगा। यदि बिजली नहीं रहती है तो फ्रीज का दरवाजा ठीक तरह से बंद रखने पर फ्रीजर 48 घंटे तक भोजन संरक्षित करेगा। सुनिश्चित करें कि पर्याप्त मात्रा में कपड़े पहने जायें-कपड़ों के कई परतें एक मोटी परत से बेहतर होती है। टोपी और मफलर शरीर की गर्मी को बनाये रखने में मदद करती है। जहरीले धुएं से बचने के लिये मिट्टी के हीटर या कोयले के ओवन का उपयोग करते समय उचित वेंटिलेशन बनाए रखें। शरीर को गर्मी प्रदान करने के लिये स्वस्थ भोजन खाएं एवं पीने के लिये गैर मादक पेय पदार्थ का प्रयोग करें। शीतदंश के लक्षणों शरीर के अंगो के सुन्न पड़ने, हाथ-पैरों, कान एवं नाक आदि पर सफेद या पीले रंग के दाग इत्यादि दिखने पर होने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें। हाइपोथर्मिया (शरीर के असामान्य तापमान) के लक्षण जैसे याददास्त का कमजोर पड़ना, असीमित ठिठुरना, सुस्ती, थकान, तुतलाना तथा कार्य में भटकाव इत्यादि के लक्षणों महसूस होने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें। पशुपालक अपने पशुओं को सुरक्षित स्थल पर रखें, जहां पर ठण्ड एवं शीतलहर का प्रभाव कम से कम हो। किसी भी सहायता के लिये एम्बुलेन्स 108, पुलिस 112, राहत आयुक्त कार्यालय 1070 के नम्परों पर सम्पर्क करें।

## संपादक की कलम से

### दुनियां ने देखा भारत का आध्यात्मिक भाव-प्रभु श्री राम को 500 वर्षों बाद मिली मंदिर की छांव

वैश्विक स्तरपर 22 जनवरी 2024 सोमवार के दिन का इंतजार करते भारत ही नहीं पूरी दुनियां के भक्तों की आंखें तरस गई थी कि कब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा मंदिर में सुखकारी रूप से होवे और हम प्रभु के जीवंत स्वरूप का दर्शन करें। बता दें कि हमारे बड़े बुजुर्गों ने ऐसा बताया है कि जब किसी भी व्यक्ति गुरु प्रभु महात्मा महामानव महापुरुष इत्यादि के स्वरूप में पूर्ण रूपेण पद्धति प्रक्रिया व धार्मिक अनुष्ठान प्राण प्रतिष्ठा की जाती है तो इसका मतलब यह माना गया है कि, उसमें उस प्राणी में प्राणों का संचार किया गया है, याने दूसरे शब्दों में अनुष्ठान कर उस स्वरूप को जीवित कर दिया जाता है जो अदृश्य रूप में होता है,मानवीय आंखों से दिख नहीं पता परंतु भक्त अगर हृदय की आंखों से देखे तो हाजरा हजूर प्रभु जरूर नजर आएंगे, बस इसी संज्ञान में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान कर उनमें प्राणों का संचार किया गया है अब भक्तों के देखने का नजरिया है, अगर हृदय की आंखों से हम देखेंगे तो हम हाजरा हजूर प्रभु श्री राम के जीवंत दर्शन होंगे नहीं तो फिर वही कहावत कि,मानो तो मैं गंगा मां हूं ना मानो तो बहता पानी। अगर हृदय में विश्वास है तो हमें पत्थर में भी भगवान दिख जाते हैं, यदि हृदय में आस्थापूर्ण विश्वास नहीं है तो जीवंत प्रभु में भी पत्थर ही नजर आएगा ऐसी चर्चा मेरे दादाजी अक्सर अनेक मौका पर किया करते थे। जो बातें बचपनकी मैने सुनी वह आज जीवंत रूप में देख रहा हूं।पिछले कई दिनों से जिस तरह जोरदार भावपूर्ण तैयारीयों का नजारा हम मीडिया में देख रहे हैं, घर-घर व गांव, मेट्रो सिटी शहर को सजा हुआ, मैंने देखा तो रामायण में लिखी प्रभु श्री राम की वनवास से वापसी का मंजर मैं जीवंत देखने लगा, ऐसा लगा शायद हम हजारों वर्ष पूर्व की स्थिति त्रेतायुग में आ गए हैं। तब प्रभु श्री राम की 14 वर्षों के वनवास से वापसी हुई थी और संपूर्ण अयोध्या में दीपावली से भी बढ़कर माहौल था। हर व्यक्ति खुश था बस!! वही मंजर 22 जनवरी 2024 को देखा जब प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हुई तो विश्व का हर राम भक्त खुशी से सराबोर होकर झूम उठा, मानो बस!! अब हमें प्रभु श्री राम मिल गए हैं, अब और कुछ नहींचाहिए। प्रभु दर्शन से ही हमारी सारी इच्छाएं पूर्ण हो गई है,यहभारतीयों का भाव पूरी दुनियां ने देख के कहा प्रभु श्री राम की वास्तव में वनवास से वापसी हुई है, जो 500 साल वनवास था जिसे वक्त को फिर दोहरा दिया है, चूंकि प्राण प्रतिष्ठा से पूरा विश्व सराबोर हुआ है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से प्रभु के जीवंत स्वरूप में आने के आभास से भक्तगण सराबोर हुए हैं।

साथियों बात अगर हम 22 जनवरी 2024 को जोरदार ढंग से भावपूर्ण मन से मनाने की करें तो, प्राण प्रतिष्ठा में तैयारी ऐसी थी कि मानो असल दीपावली अबकी बार मनाई जाएगी। गली-चौराहों से लेकर टैक्सी, पेट्रोल पंपों और यहां तक कि घरों में भी राम धुन बज रहा है। पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र घर-घर पहुंचाने का असर ऐसा हो रहा है कि हर कोई खुद को इसआयोजन से सीधा जुड़ा हुआ महसूस करने लगा है। बृहस्पतिवार को शहर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व निकाली गई शोभा यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए थे। भगवान राम की मनमोहक झांकी की अगुवाई में निकली यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के चलते करीब एक किमी तक केवल भगवामय राम भक्तों की टोली ही नजर आ रही थी। अयोध्या धाम में 22 जनवरी, 2024 को आयोजित श्री राम मंदिर के प्रतिष्ठापन समारोह के सुचारू और सफल संचालन के लिए अत्यधिक सावधानी के साथ व्यवस्था की गई थीं। पीएम निर्धारित अनुष्ठानों के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा किए। इस दिनकरीब 8, हजार से अधिक अतिथि मंदिर मेंआए, इसके बाद 23 जनवरी से लाखों भक्त आएंगे।

साथियों बात अगर हम माता सीता के मायके जनकपुर मिथिला गांव नेपाल के खुशियों में सराबोर होने की करें तो, देवी सीता का मायका खुशी और उत्साह से भरा हुआ है। नेपाल में जनकपुरधाम में धूमधाम और उल्लास के साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जनकपुर निवासियों का कहना है कि प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हमारे लिए भी खुशी की लहर लेकर आया है। हमने उस दिन घटनाओं की एक श्रृंखला की योजना बनाई थीं, जो सुबह शुरू हुई और दिन के अंत तक चली। सिंदूर के चूर्ण से रंगोली और फूलों से भगवान राम की तस्वीर बनाए। हम अपने घर में दीपावली भी मनाए। अयोध्या में मंदिर निर्माण से हम सभी खुश हैं।

पूरा जनकपुर इससे खुश है। दीपावली मनाने के लिए तैयार लोग जनकपुर के एक सजन ने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से इससे काफी खुश और उत्साहित हूं।मैंनें 22 जनवरी को दीपावली मनाया और मंदिर में दीपक भी जलाए। मैं अपने दोस्तों और अन्य लोगों से 22 जनवरी को दीपावली मनाने के लिए कह कहा था। बता दें, जनकपुर धाम एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है यह भगवान राम की पत्नी देवी सीता के जन्मस्थान के रूप में प्रसिद्ध है। धार्मिक ग्रन्थों और पौराणिक कथाओं के अनुसार यह स्थान राजा जनक जो की माता सीता के पिता थे उनके राज्य मिथिला कीराजधानी हुआ करता था। यह वहीं स्थान है जहां से माता सीता प्रकट हुई थीं। इसी जगह पर जब राजा जनक खेत में हल चला रहे थे, तब उन्हें धरती से सोने का एक सुंदर संदूक या कलश मिला जिसमें देवी सीता थी। देवी सीता के मायके में उत्सव के बीच, शहर भर के लाउड स्पीकर जय श्री राम के नारे के साथ-साथ राम लला को समर्पित गीतों की सार्वजनिक स्क्रीनिंग के साथ गूंज रहे हैं। जनकपुर में रेलवे स्टेशन के बगल में स्थित महाबीर मंदिर मेंशनिवार को अस्ताजाम शुरू हुआ, जिसमें चौबीसों घंटे राम भजनों का जाप किया गया। भक्तों ने राम के नारे लिखे स्कार्फ को पहना। जनकपुर में अस्तजाम के भक्तों और आयोजकों में से एक कमल हाथी ने कहा, भगवान हनुमान के बिना, भगवान राम कहीं नहीं जाएंगे, इसलिए हमने अष्टजाम का तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू किया है, जो चौबीसों घंटे चलता है। 22 जनवरी को हम हनुमान आराधना किए। इस दौरान 12 बार हनुमान चालीसा का पाठ किए और बाद में शाम को हम तेल से भरे मिट्टी के दीपक जलाएंगे।

### गांव में टिकाऊ आजीविका

– भारत डोंगरा


तालबेहट ब्लाक के हनौता गांव में सहरिया आदिवासी व दलित परिवार प्राय: ऐसी स्थिति में वर्षों से रहते आए हैं जब पानी के अभाव में वे खेती नहीं कर पाते थे व प्रवासी मजदूर के रूप में इंदौर, दिल्ली, पंजाब आदि में भटकते रहते थे। ईंट भट्ठों पर या जहां भी काम मिले, बहुत कम मजदूरी पर कार्य करने को मजबूर थे, पर अब इस मजबूरी पर रोक लगी है। रबी की फसल तो कई किसानों ने पहली बार ली है। सोना सहरिया एक आदिवासी महिला है जो तालबेहट ब्लाक के बम्होरा गांव में अपने छोटे स्तर की खेती–किसानी से संतोषजनक आजीविका प्राप्त कर रही है। खेत और किचन गार्डन में बहुत सी सब्जियां लगी हैं, नीबू और अमरूद के पेड़ लगे हैं, जैविक खाद तैयार हो रही है, पर यह स्थिति एक दशक पहले नहीं थी। उस समय सोना के पति इंदौर में प्रवासी मजदूर के रूप में ईंट भट्ठों पर मजदूरी करते थे। उन दिनों को याद करते हुए वे बताते हैं कि किसी–किसी दिन तो पूरा दिन मेहनत कर पांच रुपए की ही आमदनी होती थी। खूब मेहनत करने के बावजूद न अपने लिए बचत कर पाते थे, न गांव में अपने घर के लिए। जैसे ही उन्हें खबर मिली कि अब गांव में स्थिति सुधर रही है तो प्रवासी मजदूरी छोड़कर गांव वापस आ गए और नए सिरे से खेती जमाने के हिम्मत भरे प्रयास करने लगे। आज उसके परिणाम सामने आ चुके हैं – हरे खेत लहलहा रहे हैं, नींबू और अमरूद के पेड़ भी खड़े हैं। अपने लिए पर्याप्त खाद्य प्राप्त हो रहा है, कुछ बिक्री भी हो रहा है। आर्थिक स्थिति को वे संतोषजनक मान रहे हैं और भविष्य के लिए उम्मीद भी है।

# राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से समस्त भारत हुआ राममय

**अयोध्या से आर.के. सिन्हा**

अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा भव्य रूप से सम्पन्न हो गई। संत समाज के अलावा पूरे विश्व से मात्र लगभग ढाई - तीन हजार चुनिंदा लोगों को आमंत्रित किया गया था जिसमें सौभाग्य से मैं सपत्नीक आमंत्रित था ।यह सबों के लिये जीवन के एक दुर्लभ क्षण के रूप में याद रखा जाएगा। यह कल्पना से परे अविस्मरणीय दृश्य रहा। अयोध्या के राम मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे विधि - विधान के साथ रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इसके साथ ही सारा देश सारा देश राममय हो गया ।पूरे देश क्या विश्व भर के राम भक्तों के मन में भावनाओं की अनंत आनंद के हिलोरें हैं। भावनाओं की अभिव्यक्ति में शब्द सक्षम या पर्याप्त नहीं हैं। कश्मीर में बर्फ से ढकी ऊंची चोटियों से लेकर कन्याकुमारी में धूप से सराबोर समुद्र तटों तक,राम नाम की गूंज ने पूरे भारत में भक्ति का माहौल बना दिया है। अब अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर भारत की एकता और भक्ति के प्रतीक के रूप में खड़ा है, न केवल भव्यता में, बल्कि देश-विदेश से मिले योगदान के रूप में भी यह मंदिर अद्वितीय है ।कई बुद्धिमान कह रहे थे कि दक्षिण के प्रदेशों में , खासकर तमिलनाडु और केरल में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का विरोध हो रहा है । लेकिन , आज अयोध्या की सड़कों पर जो दृश्य मैंने देखा वह तो बिलकुल अलग था । छोटे से अयोध्या नगरी में लाखों स्त्री - पुरुष भरे पड़े हैं । कोई सड़क खाली नहीं दिखी । सरयू का तट भी भरा पड़ा है । इसमें पूरे देश के सभी राज्यों से आये हुए लोग थे । तमिलनाडु तो भरपूर थे । शंकर महादेवन का राम का भजन तो अद्भुत था । प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्र स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत समेत हजारों राम भक्तों की उपस्थिति में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हो गया ।सभी के सभी अथिति सुबह दस बजे से लेकर साढ़े तीन बजे तक मंत्र मुग्ध होकर बैठे रहे , चाहे अमिताभ बच्चन हो या मुकेश अंबानी , सचिन तेंदुलकर हों या अक्षय कुमार , माधुरी दीक्षित हों, कंगना रानौत, श्री श्री रविशंकर हों या बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री , हेमा मालिनी जी हों या दीदी माँ साध्वी ऋतंभरा , सब के सब साढ़े पाँच घंटे बैठे रहे !

मुझे भी सपत्नीक इस अनुपम और यादगार अवसर पर राम लला के दर्शन का सौभाग्य मिला ।बेशक, यह मंदिर उस अटूट विश्वास और उदारता का प्रमाण है जो किसी सीमा से परे किसी मंदिर के तीर्थाटन के लिए पूरे देश को जोड़ती है। मंदिर का मुख्य भाग तो राजसी ठाठ -बाट लिए हुए है। यह राजस्थान के मकराना संगमरमर की प्राचीन श्वेत शोभा से सुसज्जितहै। इस मंदिर में देवताओं की उत्कृष्ट नक्काशी कर्नाटक के चमोर्थी बलुआ पत्थर पर की गई है। जबकि, प्रवेश द्वार की भव्य आकृतियों में राजस्थान के बंसी पहाड़पुर के गुलाबी बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया है। मैं मानता हूं कि इस मंदिर के लिए भक्तों का किया गया योगदान निर्माण सामग्री से से लेकर कहीं आगे तक जाता है। मंदिर में गुजरात की उदारता उपहार स्वरूप 2100 किलोग्राम की शानदार अष्टधातु घंटी के रूप में दिखती है जो इसके हॉलों में दिव्य धुन के रूप में गूंजा करेगी । इस दिव्य घंटी के साथ, गुजरात ने एक





विशेष 'नगाड़ा' ले जाने वाला अखिल भारतीय दरबार समाज द्वारा तैयार 700 किलोग्राम का रथ भी उपहार स्वरूपदिया है। भगवान राम की मूर्ति बनाने में इस्तेमाल किया गया काला पत्थर कर्नाटक से आया है। हिमालय की तलहटी से अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा ने जटिल नक्काशीदार लकड़ी के दरवाजे और हस्तनिर्मित संरचना पेश किए हैं,जो दिव्य क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में खड़े हैं।इस भव्य और दिव्य मंदिर के लिए योगदान की सूची यहीं खत्म नहीं होती। पीतल के बर्तन उत्तर प्रदेश से हैं। यहां पर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भरपूर क्रेडिट देना होगा जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति को निरंतर बारीकी से खुद देखा। उनकी राज्य के मुख्यमंत्रित्व के दायित्वों के साथ-साथ मंदिर के निर्माण के काम पर पैनी नजर रही। राम मंदिर की कहानी सिर्फ सामग्री और उसकी भौगोलिक उत्पत्ति के बारे में बताकर ही समाप्त नहीं होती है । यह उन अनगिनत हजारों प्रतिभाशाली शिल्पकारों और कारीगरों की भक्तिपूर्ण मेहनत की कहानी है , जिन्होंने मंदिर निर्माण के इस पवित्र प्रयास में अपना दिल, आत्मा और कौशल डाला है। इस बीच, जहां सोमवार को जब राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा था तब पर देश के लाखों मंदिरों और चौराहों पर हनुमान चालीसा और पर सुंदर कांड का पाठ चल रहा था। अकेले दिल्ली-एनसीआर में दो हजार से अधिक स्थानों पर सुंदर कांड का पाठ हुआ। दिल्ली से सटे एनसीआर में ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के उदभट विद्वान डॉ. जे.पी. शर्मा ह्यत्रिखाह्ल के नेतृत्व में सैकड़ों भक्तों ने सुंदर कांड में भाग लिया। इसी तरह से देश भर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर लाखों स्थानों पर भंडारों के कार्यक्रम चले।

बेशक,राम मंदिर अयोध्या में सिर्फ एक स्मारक नहीं है; यह विश्वास की एकजुट संकल्प शक्ति की सफलता का बेमिसाल उदाहरण बनकर उभरा है । हर पत्थर,हर नक्काशी,हर घंटी,हर संरचना 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की कहानी कहती है , जो भौगोलिक सीमाओं से परे सामूहिक आध्यात्मिक यात्रा में दिलों को जोड़ता है। राम मंदिर निर्माण में रूड़की के सीएसआईआर-सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, हैदराबाद के सीएसआईआर - राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई); बेंगलरु के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स (आईआईए) और सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी (आईएचबीटी) पालमपुर (एचपी) का भी अहम योगदान रहा। सीएसआईआर-सीबीआरआई रूड़की ने राम मंदिर निर्माण में प्रमुख योगदान दिया है; सीएसआईआर-एनजीआरआई हैदराबाद ने नींव डिजाइन और भूकंपीय सुरक्षा पर महत्वपूर्ण इनपुट दिए; डीएसटी-आईआईए बेंगलुरु ने सूर्या तिलक के लिए सूर्य पथ पर तकनीकी सहायता प्रदान की; और सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर ने अयोध्या में दिव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए ट्यूलिप खिलाए हैं। इस मौसम में ट्यूलिप में फूल नहीं आते। यह केवल जम्मू-कश्मीर और कुछ अन्य ऊंचे हिमालयी क्षेत्रों में ही उगता है और वह भी केवल वसंत ऋतु में। इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी पालमपुर ने हाल ही में एक स्वदेशी तकनीकी विकसित की है, जिसके माध्यम से ट्यूलिप को उसके मौसम का इंतजार किए बिना पूरे वर्ष उपलब्ध कराया जा सकता है।

इस बीच, राम मंदिर के निर्माण में कहीं भी सीमेंट या लोहे और इस्पात का उपयोग नहीं किया गया है। तीन मंजिला मंदिर का संरचनात्मक डिजाइन भूकंप प्रतिरोधी बनाया गया है और यह 2,500 वर्षों तक रिक्टर पैमाने पर 8 तीव्रता के मजबूत भूकम्पीय झटकों को बर्दाश्त कर सकता है ।सीएसआईआर-सीबीआरआई रूड़की प्रारंभिक चरण से ही राम मंदिर के निर्माण में शामिल रहा है। संस्थान ने मुख्य मंदिर के संरचनात्मक डिजाइन, सूर्य तिलक तंत्र को डिजाइन करने, मंदिर की नींव के डिजाइन की जांच और मुख्य मंदिर की संरचनात्मक देखभाल की निगरानी में योगदान दिया है।

इसके अलावा, हैदराबाद के एनजीआरआई ने भी नींव डिजाइन और भूकंपीय/भूकंप सुरक्षा पर महत्वपूर्ण इनपुट दिए। कुछ आईआईटी विशेषज्ञ सलाहकार समिति का भी हिस्सा थे और यहां तक कि भव्य भवन के निर्माण में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का भी उपयोग किया गया है। राम मंदिर की एक अनूठी विशेषता इसका सूर्य तिलक तंत्र है, जिसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि अगले एक हजार वर्ष तक हर वर्ष श्रीराम नवमी के दिन दोपहर 12 बजे लगभग 6 मिनट के लिए सूर्य की किरणें भगवान राम की मूर्ति के माथे पर पड़ेंगी यानि सूर्य अपने सूर्यवंशी राम को अपनी किरणों का तिलक लगायेंगे । राम नवमी हिंदू कैलेंडर के पहले महीने के नौवें दिन मनाई जाती है, यह आमतौर पर मार्च-अप्रैल में आती है, जो भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्मदिन का प्रतीक है। बहरहाल, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देशभक्त भारतवासियों के खंडित स्वाभिमान की फिर से स्थापना हो गई है। इससे सारा भारत प्रसन्न है।=

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# क्रांतिकारी योद्धा थे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

आजादी की जंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 23 जनवरी को 126 वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका पूरा जीवन ही साहस व पराक्रम का उदाहरण है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक के एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ था। बोस के पिता का नाम जानकीनाथ बोस और मां का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां और 8 बेटे थे। सुभाष चंद्र उनकी नौवीं संतान और पांचवें बेटे थे। नेताजी ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई कटक के रेवेंशॉव कॉलेजिएट स्कूल में हुई। तत्पश्चात उनकी शिक्षा कलकत्ता के प्रेजिडेंसी कॉलेज और स्कॉटिश चर्च कॉलेज से हुई। उनको उन्होने इंग्लैंड के केंब्रिज विश्वविद्यालय से सिविल सर्विस की परीक्षा में चैथा स्थान प्राप्त किया था। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का नारा भी उनका उस समय अत्यधिक प्रचलन में आया। 1921 में भारत में बढ़ती राजनीतिक गतिविधियों का समाचार पाकर बोस ने सिविल सर्विस की सरकारी नौकरी छोड़ कर कांग्रेस से जुड़ गए। 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया तब कांग्रेस ने उसे काले झण्डे दिखाये। कोलकाता में नेताजी ने इस आन्दोलन का नेतृत्व किया। साइमन कमीशन को जवाब देने के लिये कांग्रेस ने भारत का भावी संविधान बनाने का काम आठ सदस्यीय आयोग को सौंपा। मोतीलाल नेहरू इस आयोग के अध्यक्ष और सुभाष बोस उसके एक सदस्य थे।

26 जनवरी 1931 को कोलकाता में राष्ट्र ध्वज फहराकर सुभाष एक विशाल मोर्चे का नेतृत्व कर रहे थे तभी पुलिस ने उनको जेल भेज दिया। जब सुभाष बोस जेल में थे तब गांधी जी ने अंग्रेज सरकार से समझौता किया और सब



कैदियों को रिहा करवा दिया। लेकिन अंग्रेज सरकार ने सरदार भगत सिंह जैसे क्रान्तिकारियों को रिहा करने से साफ इन्कार कर दिया। भगत सिंह की फांसी माफ कराने के लिये गांधी जी ने सरकार से बात तो की परन्तु नरमी के साथ। सुभाष चाहते थे कि इस विषय पर गांधीजी अंग्रेज सरकार के साथ किया गया समझौता तोड़ दें। लेकिन गांधीजी अपना वचन तोडने को राजी नहीं थे। अंग्रेज सरकार द्वारा भगत सिंह व उनके साथियों को फांसी दे दी गयी। भगत सिंह को बचा नहीं पाने पर सुभाष बोस गांधीजी और कांग्रेस से बहुत नाराज हो गये।

1930 में सुभाष कारावास में रहते हुये ही कोलकाता महापौर का चुनाव जीतने पर सरकार उन्हें रिहा करने पर मजबूर हो गयी। 1932 में सुभाष को फिर से कारावास हुआ। इस बार उन्हें अल्मोड़ा जेल में रखा गया। अल्मोड़ा जेल में उनकी तबियत फिर से खराब होने पर सुभाष इलाज के लिये यूरोप चले गये। सन 1933 से लेकर 1936 तक सुभाष यूरोप में रहे। यूरोप में सुभाष इटली के नेता मुसोलिनी से मिले। जिन्होंने उन्हें भारत के स्वतन्त्रता संग्राम में सहायता करने का वचन दिया।

1938 में गांधीजी ने कांग्रेस के हरिपुरा वार्षिक अधिवेशन में अध्यक्ष पद के लिए सुभाष को चुना तो था मगर उन्हें उनकी कार्यपद्धति पसन्द नहीं आयी। इसी दौरान यूरोप में द्वितीय विश्वयुद्ध के बादल छा गए थे। सुभाष चाहते थे कि इंग्लैंड की इस कठिनाई का लाभ उठाकर भारत का स्वतन्त्रता संग्राम अधिक तीव्र किया जाये। उन्होंने अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में इस ओर कदम उठाना भी शुरू कर दिया था। परन्तु गांधीजी इससे सहमत नहीं थे। 1939 में जब नया कांग्रेस अध्यक्ष चुनने का वक्त आया तब सुभाष चाहते थे कि कोई ऐसा व्यक्ति अध्यक्ष बनाया जाये जो इस मामले में किसी दबाव के आगे बिल्कुल न झुके। ऐसा किसी दूसरे व्यक्ति के सामने न आने पर सुभाष ने स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष बने रहना चाहा। लेकिन गांधीजी उन्हें अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे। गांधीजी ने अध्यक्ष पद के लिये पट्टाभि सीतारमैया को चुना। बहुत बरसों बाद कांग्रेस पार्टी में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ।

चुनाव में नेताजी सुभाष को 1580 मत व सीतारमैय्या को 1377 मत मिले। गांधीजी के विरोध के बावजूद सुभाष बाबू 203 मतों से चुनाव जीत गये। गांधीजी ने पट्टाभि सीतारमैय्या की हार को अपनी हार बबताया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकारिणी के 14 में से 12 सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया। 3 मई 1939 को सुभाष ने फॉरवर्ड ब्लॉक के नाम से अपनी पार्टी की स्थापना की। सुभाष चंद्र बोस ने 1937 में अपनी सेक्रेटरी और ऑस्ट्रियन युवती एमिली से शादी की। उन दोनों की अनीता नाम की एक बेटी भी हुई।

जर्मनी जाकर नेताजी हिटलर से मिले। 1943 में उन्होने जर्मनी छोड़ दिया। वहां से वह जापान पहुंचे। जापान से वह सिंगापुर पहुंचे। जहां उन्होंने कैप्टन मोहन सिंह द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज की कमान अपने हाथों में ले ली। उस वक्त रास बिहारी बोस आजाद हिंद फौज के नेता थे। उन्होंने आजाद हिंद फौज का पुनर्गठन किया। महिलाओं के लिए रानी झांसी रेजिमेंट का भी गठन किया लक्ष्मी सहगल जिसकी कैप्टन बनी।

नेताजी के नाम से प्रसिद्ध सुभाष चन्द्र ने सशक्त क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर 1943 को आजाद हिन्द सरकार की स्थापना की जिसे जर्मनी, जापान, फिलीपींस, कोरिया, चीन, इटली, मान्चुको और आयरलैंड ने मान्यता दी। आजाद हिन्द फौज के प्रतीक चिह्न पर एक झंडे पर दहाड़ते हुए बाघ का चित्र बना होता था। नेताजी अपनी आजाद हिंद फौज के साथ 4 जुलाई 1944 को बर्मा पहुँचे। यहीं पर उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा दिया। खून भी एक दो बूँद नहीं इतना कि खून का एक महासागर तैयार हो जाये और उसमें मैं ब्रिटिश साम्राज्य को डूबो सकूं। 1944 को आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों पर दोबारा आक्रमण किया और कुछ भारतीय प्रदेशों को अंग्रेजों से मुक्त भी करा लिया।

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिन्द फौज ने जापानी सेना के सहयोग से भारत पर आक्रमण किया। अपनी फौज को प्रेरित करने के लिये नेताजी ने दिल्ली चलो का नारा दिया। दोनों फौजों ने अंग्रेजों से अंदमान और निकोबार द्वीप जीत लिये। यह द्वीप आजाद–हिन्द सरकार के नियंत्रण में रहे। नेताजी ने इन द्वीपों को शहीद द्वीप और स्वराज द्वीप का नया नाम दिया। दोनों फौजों ने मिलकर इंफाल और कोहिमा पर आक्रमण किया। लेकिन बाद में अंग्रेजों का पलड़ा भारी पड़ा और दोनों फौजों को पीछे हटना पड़ा।

6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द रेडियो पर अपने भाषण के माध्यम से नेताजी ने गांधी जी को पहली बार राष्ट्रपिता बुलाकर अपनी जंग के लिये उनका आशीर्वाद भी मांगा। आजाद हिन्द फौज के माध्यम से भारत को अंग्रेजों के चंगुल से आजाद करने का नेताजी का प्रयास प्रत्यक्ष रूप में सफल नहीं हो सका। किन्तु उसका दूरगामी परिणाम हुआ। सन 1946 के नौसेना विद्रोह इसका उदाहरण है। नौसेना विद्रोह के बाद ही ब्रिटेन को विश्वास हो गया कि अब भारत में सेना के बल पर शासन नहीं किया जा सकता और भारत को स्वतन्त्र करने के अलावा उनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा।

### निरंतर प्रगति और सकारात्मक संघर्ष, जीवन की श्रेष्ठ परिणति

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नावप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**संजीव ठाकुर, स्तंभकार , चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

## पीएम को वर्चुअल सुन पुलिस अधिकारियों में हुआ ऊर्जा का संचार



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में भगवान श्री रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर पुलिस कार्यालय स्थित राघव सभागार में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में अधिकारी/कर्मचारी व रिजर्व पुलिस बल ने कार्यक्रम को वर्चुअल देखा।

सोमवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ एलआईयू अनुज कुमार मिश्र, सीओ कार्यालय राजकमल, प्रभारी सोशल मीडिया/साइबर सेल विजय सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल समेत अधिकारी-कर्मचारियों ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को वर्चुअल देखा। सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वकत्व सुने। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम आग नहीं, ऊर्जा हैं। इसे सुनकर पुलिस अधीक्षक व सभी कर्मचारियों में नयी ऊर्जा का संचार हुआ।

## रामघाट-हनुमान मन्दिर में हुई आरती



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में भगवान श्री रामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा शुभ अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रामघाट पर गंगा आरती एवं परिक्रमा मार्ग स्थित बरहा हनुमान मन्दिर पर कामदगिरि पर्वत की आरती की।

सोमवार को डीएम-एसपी व जनप्रतिनिधियों ने आरती बाद बुजुर्ग महिलाओं को कम्बल बांटे। जिलाधिकारी ने कहा कि रामघाट पर होने वाली गंगा आरती में प्रतिदिन भजन-कीर्तन किये जायेंगे। बरहा हनुमान मन्दिर के पास प्रतिदिन कामदगिरि पर्वत की आरती भी होगी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल व भारी तादाद में साधु-संत तथा श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पुलिस बल की मौजूदगी में सम्पन्न हुए कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर जिले में निकली शोभा यात्रा, जुलूस, मंदिरों में हवन-पूजन, भजन कार्यक्रमों को पुलिस ने पैनी नजर से ड्यूटी कर कुशलता से सम्पन्न कराया।

सोमवार को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा होने पर जिले में भी विभिन्न कार्यक्रमों की धूम रही। कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय मुस्तैदी से पुलिस बल के साथ ड्यूटी पर लगे रहे। सभी कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने को सीओ सिटी पैदल ही पुलिस बल के साथ चलते रहे।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर जिले में भी शोभायात्रा, जुलूस व मन्दिरों में पूजा-पाठ तथा भंडारा के कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों को कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने को जगह-जगह पुलिस बल मौजूद रहा।

## मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में रामलला विराजमान होते ही गूंज उठे घंटे-घड़ियाल



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामलला की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पर धर्मनगरी में चहुंओर जय-जय श्रीराम गूंजे। मुहूर्त समय में मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक हुआ। घंटे-घड़ियाल व शंख ध्वनि से तीर्थ नगरी गुंजायमान हो गई।

सोमवार को मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास महराज की अगुवाई में राजाधिराज मंदिर में पूर्वान्ह 11 बजे से पूजन, रुद्राभिषेक का दौर शुरू हुआ। प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के समय शंख, डमरू, घंटे, घड़ियाल सब साथ गूंज उठे। भक्तों ने राजाधिराज व रामलला के जयकारे लगाये। दिनभर पूजन व अखंड कीर्तन के दौर चले। शाम को पुजारी विपिन बिहारी महराज ने महाआरती की। मंदिर दीपों से जगमगा उठा। भारी तादाद में भक्तों ने भोलेनाथ मंदिर में दीपोत्सव में शामिल होकर रामलला सरकार की स्थापना का उत्सव मनाया। 22 मंदिरों में 22 जनवरी तक दीपोत्सव की कड़ी में बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह व मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास महराज ने कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित भरत मिलाप, सरयू धारा में दीपोत्सव, पूजन-कीर्तन किया। समापन पर राजाधिराज मत्तगजेंद्रनाथ में दीपोत्सव हुआ। इस मौके पर प्रदीप द्विवेदी, अखिलेश त्रिपाठी, पुष्पराज विश्वकर्मा, गुलजारी लाल, शुभम, पुनीत तिवारी, रोहित, राजेश शास्त्री, राजू शास्त्री, उमाशंकर शास्त्री समेत भक्तजन मौजूद रहे।

## सीओ नगर व कर्वी पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, होटल ढाबा व शराब की दुकानों कस्बा भ्रमण कर संदिग्ध वस्तुओं/व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई

**चित्रकूट ।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र,अयोध्या में भगवान श्री रामलला की मूर्ति स्थापना(प्राण प्रतिष्ठा) कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक जनपद चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के नेतृत्व में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस बल ,जीआरपी पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल व डॉग स्क्वाड, एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, होटल ढाबा व शराब की दुकानों कस्बा भ्रमण कर संदिग्ध वस्तुओं/व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई।

# सूबे के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र के शासनादेश को ठेंगा दिखा रहे विभागाध्यक्ष

## संवेदनशील पद पर 25 वर्ष से तैनात है जगदीश

### क्यों तैनात हैं संदिग्ध निष्ठा वाले कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आकांक्षी जिले चित्रकूट में सूबे के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र के समूह ग के कर्मचारियों के प्रत्येक तीन वर्ष बाद पटल क्षेत्र बदलाव के आदेश बेमानी है। यहां कलेक्टेज्ट में लिपिक जगदीश पाण्डेय एक पटल पर 25 वर्षों से तैनात हैं। मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र ने 13 मई 2022 के शासनादेश में साफ कहा है कि भारत सरकार के घोषित आकांक्षी जिले में दो वर्ष बाद तैनात लिपिकों का तबादला किया जाये। आकांक्षी जिले चित्रकूट में मुख्य सचिव से भी बडे अफसर हैं, जो इस आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं।

सूबे के मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र के आदेश को ठेंगा दिखाने का खुलासा सोमवार को हुआ। बताया गया कि मुख्य सचिव ने शासनादेश में साफतौर पर चेताया है कि संदिग्ध निष्ठा वाले कर्मचारी की तैनाती संवेदनशील पदों पर कदापि न की जाये, फिर भी लैंड-रेवेन्यू क्लर्क जैसे महत्वपूर्ण पद पर 25 साल से एक ही लिपिक जगदीश पाण्डेय क्यों तैनात है। क्या वजह है कि इसका तबादला नहीं किया जा रहा, क्या ये अधिकारियों का कमाऊ पूत है- इसीलिए एलआरसी पद पर बनाये हैं। क्या वजह है कि मुख्य सचिव के प्रत्येक तीन वर्ष में पटल बदलने के आदेशों का सख्ती से पालन नहीं हो रहा? मुख्य सचिव ने शासनादेश में कहा है कि शीर्ष प्राथमिकता वाले पटल को अनिवार्य रुप से बदल दें, आदेश के बाद भी विभागाध्यक्ष चहेते लिपिक को लम्बे समय से एक ही पटल पर बनाये हैं। उन्होंने आदेश में कहा कि संदिग्ध कर्मियों के मंडल स्तर पर तबादले की कार्यवाही सख्ती से की जाये, खासतौर पर आकांक्षी जिले में। ऐसे लिपिक के तबादला रोकने के आवेदन व सिफारिश को सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली 1956 के नियम 27 का उल्लंघन मानते हुए उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही का भी शासनादेश जारी किया है। निर्धारित अवधि में कार्यभार न छोडने पर सुसंगत प्राविधान अनुसार कार्यवाही की जाये। नवीन तैनाती पर न जाने पर कार्य मुक्त करने के भी आदेश दिये हैं।

मुख्य सचिव दुगार्शंकर मिश्र ने शासनादेश में कहा है कि भारत सरकार के घोषित आकांक्षी जिले में प्रतिस्थानी के न आने तक अवमुक्त न किया जाये, ये आदेश आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, पीसीएस व पीपीएस पर लागू नहीं होंगे। शासनादेश में कहा है कि प्रशासनिक दृष्टि से कभी भी तबादले किये जा सकते हैं। मुख्य सचिव के इस शासनादेश का आकांक्षी जिले चित्रकूट में रंचमात्र भी पालन नहीं हो रहा। क्या बात है- महत्वपूर्ण विभाग के लिपिक जगदीश पाण्डेय में, कि उसका तबादला व पटल बदलाव नहीं किया जा रहा, क्या वे ज्यादा कमाऊ पूत है। जिसके चलते उसे संवेदनशील पटल पर लम्बे समय से विभागाध्यक्ष बनाये हुए हैं। ये एक बडा सवाल है, जो विभागाध्यक्ष पर प्रश्न चिन्ह खडा करता है।

# जन-जन के राम, कण-कण में राम




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्री रामोत्सव महोत्सव के तहत नैतिक, मानवीय व सामाजिक मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने वाले प्रभु श्रीरामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या लाइव प्रसारण जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी समेत जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में रामघाट पर देखा।

सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अगुवाई में आज से प्रतिदिन शायंकाल कीर्तन का शुभारंभ दीप जलाकर हुआ। हमीरपुर की मंडली से रामभजन कीर्तन शुरू हुई। बांदा से लालू ग्रुप महिलाओं ने दीवारी नृत्य पेश किया। जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने रामघाट पर राजस्व विभाग से मिले निःशुल्क कंबल बंटवाये। डीएम-एसपी, पूर्व सांसद रमेश चंद्र द्विवेदी, डीआरआई संगठन सचिव अभय महाजन, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, सभासद खोही अरुण कुमार त्रिपाठी, आरती स्थल संचालक विपिन विराट महाराज आदि संतो ने चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद जिला प्रशासन व चित्रकूट विकास संस्कृति समिति ने परिक्रमा मार्ग, बरहा हनुमान मंदिर के पास कामदगिरि स्थल पर आरती का शुभारंभ किया। इस मौके पर महाराज विपिन विराट ने डीएम-एसपी समेत जनप्रतिनिधियों को रामनामी अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, रामचरितमानस भेंट किया। इस मौके पर एसडीएम सदर सौरभ यादव, एएसडीएम पंकज वर्मा, तहसीलदार अमित त्रिपाठी, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, नायब तहसीलदार मंगल यादव, ईओ लालजी यादव आदि मौजूद रहे।

# प्राण प्रतिष्ठा पर मन्दिर में भजन-कीर्तन की रही धूम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महराज के कर-कमलों से जानकीकुण्ड में स्थापित श्री रघुबीर मन्दिर बड़ी गुफा में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर मंदिर को फूल-मालाओं व लाइट से सजाया। सवेरे से ही भजन-कीर्तन, मानस पाठ की धूम रही। ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने कहा कि सभी के लिए ये स्वर्णिम युग है, प्रभु श्रीराम पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा बाद विराजमान हो रहे है। सोमवार को ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने की अनुभूति हर्षोल्लास से देशवासी मना रहे है। सदगुरू महिला समिति अध्यक्षा ऊषा जैन ने कहा कि मन्दिर परिसर में सुन्दरकांड का पाठ जारी है। प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर मंगल बधाई गीत बज रहे हैं। साधु-संतो पर पुष्प वर्षा की गई। छप्पन भोग का महाप्रसाद भोग लगाया।

अयोध्या के रामलला का जीवंत प्रसारण स्क्रीन में दिखाया। शाम को भंडारा हुआ। दीपोत्सव से भगवान श्रीराम की तपोभूमि को अयोध्या भांति सजाया गया।

# पहाडी में प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से मना

### ब्लाक परिसर की नहीं हुई सजावट



**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहाड़ी कस्बे में धूम रही। ब्लाक मुख्यालय में सजावट नहीं हुई।

सोमवार को भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूरा देश राममय नजर आ रहा है। जगह-जगह जय श्रीराम लिखे भगवा झंडे लहरा रहे हैं। बड़े-बूढ़े से लेकर बच्चों के मुंह से सिर्फ जय श्रीराम व देवालयों में रामधुन की गूंज चहुंओर सुनाई दे रही है। कस्बा पहाड़ी में प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से मनाया। थाना पहाड़ी परिसर में प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह ने ऐसी सजावट कराई कि बरबस लोगों की नजरें थाना परिसर की ओर जाती रहीं। बिसंडा रोड में समाजसेवी सुनील सिंह पटेल ने आवास में हलुआ बंटवाया। अयोध्या लाइव दिखाया। कर्वी रोड में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तेज प्रकाश चतुर्वेदी ने प्रसाद बांटा। शोभा यात्रा निकाली। राजापुर रोड स्थित बंजरग चैराहे पर नामदेव दर्जी समाज धर्मशाला समिति के उपाध्यक्ष विनोद नामदेव ने 24 घंटे रामचरितमानस पाठ बाद भंडारा किया। पूर्व प्रधान विजय सिंह ने भगवान पालेश्वरनाथ मंदिर में 21 सौ दीप जलाये। पालेश्वरनाथ समिति ने कीर्तन कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में प्रभारी उदय सिंह ने सजावट कराई। साईं धाम ट्रस्ट नोनार के संस्थापक राजीव तिवारी व बलीशंकर तिवारी ने भजन-कीर्तन कराकर प्रसाद बंटवाया।

पहाड़ी के बीडीओ व ब्लाक प्रमुख को रामलला प्रतिष्ठा समारोह शायद रास नहीं आया, जबकि ब्लाक परिसर में भोलेनाथ का मंदिर है। मन्दिर में कोई सजावट नहीं कराई। शासन के निर्देश थे कि सरकारी भवन लाइट-टेंट से सजाये जायें। ग्राम पंचायतों में प्रधानों ने गांव के मंदिरों में भजन-कीर्तन करवाये। रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल समेत इं शम्भूनाथ मौर्य, दरोगा विपिन कुमार मिश्र, सुरेश सिंह, मातादीन, परशुराम यादव ने क्षेत्र भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाये रखी।

## घटिया निर्माण करा भुगतान की तैयारी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के बघौडा गांव में बिना 60-40 का अनुपात देखे मनरेगा से बीडीओ ने लाखों के कार्य की मंजूरी दी है। बिना अनुपात के भुगतान की तैयारी में बीडीओ जुटे हैं।

सोमवार को मानिकपुर ब्लाक के बघौडा गांव का भ्रष्टाचार उजागर हुआ। बताया गया कि प्रधान व सचिव ने बघौडा गांव के पंभिया तालाब में मानकविहीन कार्य स्टोन डस्ट से कराया था। घाट व रैंप निर्माण घटिया सामग्री से मानक विपरीत जेई से मिलकर कराया था। घाट-रैंप का प्रांक्कलन घटिया निर्माण कराकर फर्जी भुगतान की फिराक में है। प्रधान बघौडा व सचिव को खंड विकास अधिकारी मानिकपुर बढ़ावा दे रहे हैं। पहले भी बिना अनुपात के लाखों का भुगतान हुआ था।

## हेमू कालानी को सिन्धु समाज ने किया याद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय सिंधु समाज की कर्वी शाखा ने अमर शहीद हेमू कालानी की पुण्यतिथि स्टेशन रोड स्थित कार्यालय में मनाई।

सोमवार को सिंधु समाज के सदस्यों ने हेमू कालानी के चित्र पर माल्यार्पण किया। पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम दौरान उनके उल्लेखनीय योगदान व बलिदान को याद करते हैं। उनके आजादी के आन्दोलन में दी कुबार्नी को सिन्धु समाज कभी भूल नहीं सकेगा। इस मौके पर सिंधु समाज के अध्यक्ष राजीव लखानी, साधूराम, श्यामलाल, ठाकुर दास, कालू, कुक्कू, मुनिराज, सोनू, लेखराज, भास्कर, नैना देवी, वंदना, भावना आदि मौजूद रहे।

## विश्व का इकलौता जिला है, जहां मठ-मन्दिरों की है भरमार, 320 मंदिरों में हो रही पूजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अयोध्या में श्री रामलला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को पूरे देश ही नहीं, विदेशों में भी मनाया जा रहा है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में वनवास काल 11 साल 11 महीना 11 दिन गुजारे थे।

सोमवार को जिला मुख्यालय चित्रकूट में 40 शोभायात्रा निकाली जा रही हैं। राम भक्तों ने कहीं बनवासी राम, कहीं राजा राम की शोभायात्रा निकाल रहे हैं। जिले में 320 मंदिरों में भगवान राम की पूजा व उत्सव मनाया जा रहा है। शहर-कस्बा से लेकर गांव व मजदूरों ने भी राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मना रहे हैं। सरकारी कार्यालय दुल्हन की भांति सजे हैं। ज्यादातर सरकारी कार्यालय में धनुष व टिमटिमाती लाइट लगाई है। भगवान राम का जन्म अयोध्या में हुआ, लेकिन चित्रकूट से उनका गहरा नाता है। राम को वनवास हुआ तो सबसे ज्यादा समय चित्रकूट में गुजारा था।

वनवास काल में चित्रकूट में रामशैय्या स्थान पर भगवान शयन करते थे। वहां पुजारी भगवान राम-लक्ष्मण-सीता-हनुमान की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा करा रहे हैं। आचार्य विपिन विराट ने भगवान कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर वनवासी राम की झांकियां निकालकर विशाल भंडारा किया है। उन्होंने बताया कि इकलौता चित्रकूट जिला है। जहां सबसे ज्यादा मठ-मन्दिर हैं। ब्रम्हांड का पहला जिला है, जहां सभी देवी-देवताओं ने तपस्या की है। अनादिकाल से ये विश्वविख्यात है। आचार्य नवलेश दीक्षित ने बताया कि सृष्टि की उत्पत्ति का पहला स्थान है। यहां ब्रम्ह पुत्र अत्रि ने तपस्या कर यहीं से सृष्टि का संचालन किया था। ब्रम्हांड की पहली नदी सती अनुसुइया के तपोबल से मन्दाकिनी प्रकट हुई थी। यहां पर ब्रम्हा, विष्णु, महेश को अनुसुइया ने तपोबल से बालक का रुप दिया था।

## सुरक्षा के लिहाज से तैनात रही पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर पूरा मऊ क्षेत्र राममय रहा। जगह-जगह लोगों ने कीर्तन- भजन व भंडारे किए। लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला।

सोमवार को पुलिस प्रशासन ने भी धार्मिक आयोजन में हिस्सा लिया। सीओ जयकरण सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, कस्बा इंचार्ज इंद्रजीत गौतम, वरिष्ठ एसआई कृपानंदन शर्मा समेत पूरा मऊ थाना जगह-जगह होने वाले कीर्तन-भजन में सुरक्षा के लिहाज से तैनात रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा पर निकली शोभा यात्रा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पूर्व विधायक/पूर्व जिलाध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद दिनेश मिश्रा की अगुवाई में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर गाजे-बाजे से भव्य जुलूस-शोभायात्रा निकाली। हाथी-घोडे, रथ, झांकी ऐतिहासिक रही। नगर में शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ।

सोमवार को शोभायात्रा सत्संग भवन से चलकर पटेल तिराहा, एलआईसी तिराहा, धनुष चैराहा होकर सत्संग भवन पहुंची। धार्मिक अनुष्ठान के आयोजक दिनेश प्रसाद मिश्रा ने स्वागत कर प्रसाद बांटा। शोभायात्रा में नगर के तमाम राम भक्त शामिल रहे, जो पूरे समय तक जय श्रीराम के नारे लगाते रहे। खुशी से रामभक्त झूमते रहे। अखंड कीर्तन रामचरितमानस पाठ भी हुआ। सत्संग भवन में सात कार सेवकों को सम्मानित किया। इनमें पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, आनंद पटेल, कमलाकांत मिश्रा, हेमराज सिंह आदि शामिल रहे। इस मौके पर समाजसेवी संतोष तिवारी, श्याम गुप्ता, जगदीश गुप्ता, नवल किशोर तिवारी, रमाशंकर मिश्रा, सुरेश मिश्रा, सुरेश तिवारी, राजू सिंह, राजा बक्टा, सभासद शंकर यादव, बृजेंद्र शुक्ला, निरंजन मिश्रा, श्यामसुंदर मिश्र, बद्री गौतम, राजा, मनोज मिश्रा, संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सेमीफाइनल में पहुंची धाता टीम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर ब्लॉक के पुरवा तरौहां में मां कालिका देवी क्रिकेट टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच में धाता ने अतर्रा को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।


सोमवार को धाता के रेहान को मैन ऑफ द मैच मिला। कोहरा से प्रभावित अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच एसडीएम कॉलोनी कर्वी व धाता के बीच 10-10 ओवर का मैच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए धाता टीम ने 121 रन बनाए। जवाब में एसडीएम कॉलोनी कर्वी टीम केवल 39 रन बना सकी। मुकाबला हारकर टूनामेंट से बाहर हो गयी। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच अतर्रा व धाता के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए अतर्रा टीम ने 12 ओवर में 72 रन बनाए। अमित ने 14 रन, बटलर ने 19 रन बनाये। धाता के सत्यम ने तीन, रेहान ने दो विकेट लिए। लक्ष्य पाने को धाता टीम की शुरूवात खराब रही। 27 रन में पांच विकेट गिर गए। अमित ने 29 रन बनाकर पारी संभाली। मैच में वापसी कराकर चार विकेट से टीम को जीत दिलाई। टूनामेंट में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मैच में बतौर अतिथि कौशल मिश्र, इमाम हसन, मेराज सिद्दीकी, विश्वनाथ मिश्र मौजूद रहे। 22 रन दो विकेट लेने वाले खिलाड़ी रेहान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सह मीडिया प्रभारी गोपाल मिश्र ने दिया।

# ईरानी राष्ट्रपति ने जताई यूरोप के साथ संबंध सुधारने की इच्छा



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा है कि ईरान यूरोपीय देशों के साथ संबंधों का विस्तार करने को इच्छुक है, बशर्ते वे उसके प्रति शत्रुता नहीं दिखाते हैं।
ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर रविवार को प्रकाशित एक बयान के अनुसार, रायसी ने राजधानी तेहरान में ईरान में बेल्जियम के नए राजदूत मिशेल मल्हेर्बे के साथ पहली औपचारिक मुलाकात में यह टिप्पणी की।
उन्होंने कहा, "ईरान के पास आपसी विश्वास और सम्मान के आधार पर विभिन्न देशों के साथ संबंध बढ़ाने की कोई सीमा नहीं है। ईरान की इच्छा यूरोपीय राज्यों के साथ संबंधों को बढ़ावा देना है, जब तक कि कोई देश ईरान के प्रति शत्रुता नहीं रखना चाहता।"
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यूरोपीय देशों को अपने हितों और संबंधों को अमेरिकी हितों से परे रखते हुए आगे बढ़ाने की सलाह दी, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इसमें अच्छी प्रतिष्ठा या विश्वसनीयता की कमी है।
बेल्जियम के राजदूत ने कहा कि उनका देश ईरान के साथ संबंध विकसित करने का इच्छुक है और उन्हें उम्मीद है कि वह मौजूदा चुनौतियों का समाधान करके द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दे सकते हैं।

# व्लादिमीर पुतिन प्योंगयांग आना चाहते हैं : उत्तर कोरिया



**सोल।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया का दौरा करने की इच्छा जताई है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में ये बात कही गई। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के निमंत्रण पर सोमवार से बुधवार तक रूस की आधिकारिक यात्रा के दौरान रणनीतिक वार्ता की। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच गहरा रणनीतिक संचार है और कोरियाई प्रायद्वीप और पूर्वोत्तर एशिया की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर आम सहमति बनी है।
इसमें कहा गया है कि उत्तर कोरिया और रूस ने दोनों देशों के मूल हितों की रक्षा करने और स्वतंत्रता और न्याय पर आधारित एक नई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था स्थापित करने के लिए रणनीतिक और सामरिक सहयोग को और मजबूत करने की दृढ़ इच्छा व्यक्त की। इसमें कहा गया है कि पुतिन ने दक्षिण कोरिया के नेता किम जोंग उन को प्योंगयांग आने के निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया और जल्द से जल्द देश का दौरा करने की इच्छा व्यक्त की।

# अफगानिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त रूसी विमान में पायलट सहित चार यात्री जीवित



**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के दूरदराज के एक ग्रामीण इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुए रूस के एक निजी विमान में पायलट और तीन यात्री जीवित पाए गए हैं। तालिबान ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विमान में कुल छह लोग सवार थे। दुर्घटना बदख्शां प्रांत के एक पर्वतीय इलाके में शनिवार को हुई थी।
तालिबान के क्षेत्रीय प्रवक्ता जबीउल्ला अमीरी ने बताया कि दुर्घटना शनिवार को बदख्शां प्रांत के जेबक जिले के पास एक पर्वतीय इलाके में हुआ था। एक बचाव दल दुर्घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। जेबक अफगानिस्तान की राजधानी काबुल से करीब 250 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। यह एक ग्रामीण और पर्वतीय इलाका है।
तालिबान के परिवहन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक ऑनलाइन बयान जारी कर कहा कि विमान प्रांत के कुफ आब जिले में अरुज कोह पर्वत के पास पाया गया। बयान में कहा गया, पायलट को अफगानिस्तान के इस्लामी अमीरात की खोजी टीम ने ढूंढ़ लिया। पायलट के मुताबिक, वह और तीन अन्य लोग जीवित हैं। शेष लोगों की तलाश की जा रही है।
मास्को में, रूसी नागरिक उड्डयन अधिकारियों ने कहा कि एक दसॉल्ट फाल्कन 10 लापता हो गया। अधिकारियों ने बताया कि विमान में चालक दल के चार सदस्य और दो यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि रूस के पंजीकरण वाले विमान से संपर्क टूट गया और यह रडार के स्क्रीन से ओझल हो गया। रूसी अधिकारियों ने कहा कि विमान एथलेटिक ग्रुप एलएलसी और एक निजी व्यक्ति से संबद्ध था।
मोरक्को में पंजीकृत दसाल्ट फाल्कन (डीएफ-10) विमान एक एयर एंबुलेंस के रूप में परिचालित किया जा रहा था। यह थाईलैंड के उतापाओ हवाई अड्डे से मास्को जा रहा था। वहीं तालिबान के सूचना एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रेयान की ओर से जारी एक बयान के अनुसार विमान मोरक्को की एक कंपनी का था। रेयान ने कहा कि दुर्घटना विमान का इंजन बंद हो जाने की वजह से हुई।

# फ्लोरिडा के गवर्नर डीसेंटिस भी राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटे, ट्रम्प का किया समर्थन



**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के गवर्नर रॉन डीसेंटिस न्यू हैम्पशायर प्राइमरी से ठीक दो दिन पहले 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो गए हैं, और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया है।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में डीसेंटिस ने कहा, "हमारे पास जीत का कोई स्पष्ट रास्ता नहीं है।" वीडियो में, डीसेंटिस ने कहा कि वह ट्रम्प का समर्थन कर रहे हैं क्योंकि यह "स्पष्ट हो गया" है कि "रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं का बहुमत डोनाल्ड ट्रम्प को एक और मौका देना चाहता है"।
डीसेंटिस की घोषणा आयोवा कॉकस में ट्रम्प से 30 प्रतिशत अंकों की हार के कुछ ही दिनों बाद आई। ट्रम्प 51 प्रतिशत के साथ आगे चल रहे थे और डीसेंटिस 21 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर थे।

# न्यूयॉर्क का टाइम्स स्क्वायर राममय, लहराए गए केसरिया ध्वज




**न्यूयॉर्क।** इस समय सारी दुनिया राममय है। अमेरिका में रामनाम की धूम है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर को भारतीय प्रवासियों ने रोशन किया है। भारत के अयोध्याधाम में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर उत्सव मनाया जा रहा है। टाइम्स स्क्वायर के आसपास लोग केसरिया और तिरंगा ध्वज फहरा खुशी मना रहे हैं।
इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले कैलिफोर्निया के बे एरिया को 1,100 से अधिक लोगों ने राममय कर दिया। भगवान श्रीराम के मंदिर के चित्र वाले भगवा झंडों के विशाल कार रैली निकाली। इस रैली का आयोजन बे एरिया के छह स्वयंसेवी हिंदुओं ने किया। कार रैली सनीवेल से वार्म स्प्रिंग बीएआरटी स्टेशन, गोल्डन गेट तक निकाली गई। इसके अलावा शनिवार शाम को भव्य ह्यटेस्ला कार लाइट शोह्र का आयोजन किया गया। विशाल राम रथ के साथ निकाली गई इस रैली ने लगभग 100 मील की दूरी तय की। रैली आयोजक रोहित शर्मा, दीप्ति महाजन और दीपक बजाज ने सभी को बधाई दी है।

# दमिश्क पर इजरायली मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के ठिकानों पर पिछले सप्ताह इजरायली मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है।
सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने रविवार को कहा कि 13 हताहतों में पांच ईरानी थे, जिनमें से तीन ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) में कमांडिंग भूमिका निभाते थे, चार सीरियाई ईरानी मिलिशिया के साथ अनुबंधित थे, दो लेबनानी व्यक्ति, एक इराकी नागरिक और एक सीरियाई नागरिक कार्यकर्ता था। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली मिसाइलों ने शनिवार को समृद्ध माजेह वेस्टर्न विला इलाके पर हमला किया। इसमें विशेष रूप से एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया, जहां कथित तौर पर आईआरजीसी कमांडरों की एक बैठक हो रही थी।


# दमिश्क पर इजरायली मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई




**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के ठिकानों पर पिछले सप्ताह इजरायली मिसाइल हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है।
सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने रविवार को कहा कि 13 हताहतों में पांच ईरानी थे, जिनमें से तीन ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) में कमांडिंग भूमिका निभाते थे, चार सीरियाई ईरानी मिलिशिया के साथ अनुबंधित थे, दो लेबनानी व्यक्ति, एक इराकी नागरिक और एक सीरियाई नागरिक कार्यकर्ता था।
समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली मिसाइलों ने शनिवार को समृद्ध माजेह वेस्टर्न विला इलाके पर हमला किया। इसमें विशेष रूप से एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया गया, जहां कथित तौर पर आईआरजीसी कमांडरों की एक बैठक हो रही थी।
सीरियाई विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इजरायली हमले की कड़ी निंदा की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से ऐसे "अत्याचारों" को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया।

# रूस के कब्जे वाले डोनेटस्क में भीषण गोलीबारी, 25 की मौत

**कीव।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध में मरने वालों की संख्या लगातार दोनों तरफ से बढ़ती जा रही है। ताजा मामले में रूस के कब्जे वाले डोनेटस्क शहर के बाहरी इलाके में स्थित बाजार में रविवार को भारी गोलीबारी में 25 लोगों की मौत हो गई। रूस द्वारा बनाए गए शहर के मेयर एलेक्सी कुलेमजिन ने कहा उपनगर टेकस्टिलशचिक पर हमले में दो बच्चों समेत 20 अन्य लोग घायल हो गए।
मेयर एलेक्सी कुलेमजिन ने दावा किया कि यूक्रेनी सेना की ओर से यह गोले दागे गए। हालांकि, मामले में कीव ने अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इधर, रविवार को ही रूस के उस्त-लुगा बंदरगाह पर रासायनिक परिवहन टर्मिनल में दो विस्फोटों के बाद आग लग गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, बंदरगाह पर यूक्रेन ने ड्रोन से हमला किया था। इसके बाद गैस टैंक में विस्फोट हो गया। जिसके बाद रूस में प्राकृतिक गैस के दूसरे सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी नोवाटेक की साइट पर आग लग गई।रूसी अधिकारी ने बताया कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन जिले को हाई अलर्ट पर रखा गया है। रूस की सेना ने यूक्रेन के खार्कीव क्षेत्र के एक गांव क्रोखमल्ने पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी और यूक्रेन सेना के प्रवक्ता ने भी इसकी पुष्टि की। इससे पहले गुरुवार को रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन के पूर्वी डोनेटस्क में वेसले नामक बस्ती पर कब्जा करने की जानकारी दी थी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# फिलीपींस में बाढ़, भूस्खलन से मरने वालों की संख्या15 हुई



**मनीला।** फिलीपींस के दावाओ क्षेत्र में भूस्खलन और भीषण बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या रविवार को आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 15 हो गई।
राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन परिषद ने कहा कि 15 मौतों में से 13 दावाओ डी ओरो प्रांत में और दो दावाओ शहर में हुईं। इसमें कहा गया है कि कम से कम पांच लोग घायल हो गए।
मिंडानाओ द्वीप पर दावाओ क्षेत्र के पांच प्रांतों में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से 349,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। एजेंसी ने कहा कि सोमवार से गुरुवार तक भारी बारिश के कारण पूरे क्षेत्र में बाढ़ आ गई और कई जगह भूस्खलन हुए।

# कैशलेस भुगतान में भारत ने अमेरिका को पछाड़ा, विदेश मंत्री जयशंकर बोले- हर भारतीय नागरिक का जीवन हुआ आसान

**एएनआई, अबुजा (नाइजीरिया)।** नाइजीरिया दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को आज अपनी परंपराओं, अपनी संस्कृति और अपने इतिहास पर गर्व है।

**हर भारतीय नागरिक का जीवन हुआ आसान- जयशंकर**

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि अमेरिका तीन सालों में जितना कैशलेस लेनदेन करता है, भारत एक महीने में ही उतना भुगतान करता है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय नागरिक का जीवन आसान हो गया है और ऐसा इसलिए है क्योंकि हमने बहुत गहरे तरीके से टेक्नोलॉजी को अपनाया है। आप इसे भुगतान में देख सकते हैं, आज बहुत कम लोग नकद भुगतान करते हैं और बहुत कम लोग नकदी स्वीकार करते हैं।

**भारत में आया बड़ा बदलाव- जयशंकर**

जयशंकर ने कहा कि मेरे लिए एक देश एक चुनौती से कैसे निपटता है और इस तरह के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन करने में सक्षम होता है। कैसे एक औसत नागरिक का जीवन बेहतर होता है, कैसे हम कुछ ऐसा करने में सक्षम होते हैं। जो दुनिया की कल्पना को कैप्चर करते हैं।